

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 93 | ग्वालियर,गुरुवार, 12 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर



### 15-20 लाख के मकान का मुआवजा सिर्फ एक लाख, सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे स्थानीय लोग

उत्तराखंड के जोशीमठ में हालात हर पल बिगड़ रहे हैं. संकटग्रस्त इमारतों को तोड़ने का फरमान सुनाया जा चुका है. जोशीमठ में दरकते भवनों को जमींदोज करने का काम आज यानी बुधवार (11 जनवरी) से शुरू हो जाएगा. इस अभियान के तहत उन होटल्स, घरों और भवनों को ढहाया जाएगा, जिन्हें रहने के लिए असुरक्षित घोषित किया जा चुका है. हालांकि, स्थानीय लोग ऐसा नहीं चाहते हैं. लोगों का कहना है कि उन्होंने अपने पूरे जीवन की कमाई अपने आशियाने को बनाने में लगा दी है और अब वह इसे अपनी आंखों के सामने टूटता हुआ नहीं देख सकते. लोग सरकार की ओर से दिए जाने वाले मुआवजे की रकम से भी नाराज हैं. लोगों का कहना है कि 15-20 लाख रुपये के मकान का मुआवजा सिर्फ एक लाख रुपये दिया जा रहा है.

**बेहतर मुआवजे के लिए प्रदर्शन जारी**–प्रशासन की ओर से क्षतिग्रस्त मकानों को ढहाने के लिए 1 लाख 30 हजार रुपये का मुआवजा तय किया है. हालांकि, स्थानीय लोग इसे बेहद कम बता रहे हैं. लोग बेहतर मुआवजे की मांग पर अड़े हैं और उनका प्रदर्शन लगातार जारी है. लोगों का कहना है कि बुधवार को होटल तभी गिराने दिए जाएंगे, जब उनके लिए उचित मुआवजे की घोषणा हो जाएगी. इस बीच मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से बाजार दर पर मुआवजा देने का ऐलान किया है.

**प्रभावितों को डेढ़ लाख रुपये की अंतरिम राहत**–सरकार ने जोशीमठ में प्रत्येक प्रभावित परिवार को डेढ़ लाख रुपये की अंतरिम राहत देने की घोषणा की है. पीड़ित परिवारों को शिफ्ट करने पर तुरंत ही उन्हें 50 हजार रुपये दिए जाएंगे. इसके साथ ही प्रभावित परिवारों को उनकी आवश्यकतानुसार खाद्यान्न किट और कंबल वितरित किए गए हैं. प्रशासन की ओर से प्रभावितों को कुल 70 खाद्यान्न किट, 70 कम्बल और 570 ली. दूध वितरित किया गया है. कुल 80 प्रभावित व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया है.

**सीएम ने अपना 1 महीने का वेतन दान दिया**–उधर लोगों के बढ़ते विरोध के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ पीड़ितों की सहायता के लिए अपने एक माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दान दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जोशीमठ प्रभावितों के साथ है और उन्हें राहत पहुंचाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं.

### भारत-पाकिस्तान के रिश्ते पर हुई थी हाई लेवल मीटिंग, क्या कश्मीर का मुद्दा छोड़ना चाहती थी पाक सेना?




भारत-पाकिस्तान के रिश्ते को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. पाक सेना के सूत्रों ने बताया कि भारत-पाक रिश्ते पर 2021 में हाई लेवल मीटिंग हुई थी. हाई लेवल मीटिंग में कश्मीर के मुद्दे पर बात हुई थी. पाक सेना के सूत्रों के हवाले से खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान की सेना कश्मीर का मुद्दा छोड़ना चाहती थी. पाक सेना 20 साल के लिए कश्मीर मुद्दा छोड़ना चाहता थी. इस बैठक में भारत ने पीओके (क्क्रश्य) का मुद्दा उठाया था और इस मुद्दे पर भी चर्चा हुई थी. इस बैठक में दोनों देशों के उच्च अधिकारी मौजूद थे.पाकिस्तान के बड़े पत्रकार जावेद चौधरी ने एबीपी न्यूज से बात करते हुए दावा किया कि पाक के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस बैठक में अडंगा लगाया था. शाह महमूद कुरैशी के कहने पर इमरान खान ने अडंगा लगाया था. शाह महमूद कुरैशी पाक के पूर्व विदेश मंत्री हैं.

**पाकिस्तान के पत्रकार का बड़ा दावा**–पत्रकार जावेद चौधरी ने दावा किया कि इस बैठक में पाकिस्तानी सेना के बड़े अफसर मौजूद थे. पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के डीजी भी इस बैठक में शामिल थे. पाकिस्तान की सेना भारत के साथ संबंध सुधारना चाहती थी.

**पाक विदेश मंत्रालय को भी नहीं थी बैठक की जानकारी**–पाकिस्तान के एक और बड़े पत्रकार हामिद मीर ने दावा किया कि भारत-पाकिस्तान के बीच दुबई में बैठक हुई थी. इस बैठक के बारे में पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को भी जानकारी नहीं थी. उन्होंने दावा किया कि बैठक को लेकर इमरान खान और जनरल बाजवा के बीच रिश्ता खराब हुआ था. उस वक्त जनरल बाजवा पाकिस्तान सेना के प्रमुख थे.

### दिल्ली दंगे के मामले में पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोप तय



दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एमसीडी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन के खिलाफ बुधवार (11 जनवरी) को आरोप तय किए. उन पर कथित रूप से मनी लॉन्ड्रिंग के धन का उपयोग करके दंगों में फंडिंग का आरोप लगाया गया है. पूर्व पार्षद ने सभी आरोपों से इनकार किया है. ताहिर हुसैन पर इससे पहले दिल्ली में हुई हिंसा के संबंध में तीन अलग-अलग मामलों में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (क्क्र) सहित विभिन्न आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया था. हिंसा में 53 लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे.

# पायलट-राहुल की इस तस्वीर से क्या राजस्थान में होगी सियासी हलचल? पहले भी हुई थी उथल-पुथल

राजस्थान कांग्रेस के अंतर्कलह की बात किसी से छुपी नहीं है. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच की अनबन जग जाहिर है. आए दिन दोनों एक दूसरे पर तीखे हमले करते रहते हैं. राजस्थान विधानसभा चुनाव में महज 9 महीने ही बचे हैं और इस बीच सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस आलाकमान पूरी कोशिश कर रहा है कि इस अंतरद्वंद्व पर विराम लगाया जा सके. हालांकि, ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है.इसी बीच राजस्थान की राजनीति में हलचल पैदा करने वाली एक तस्वीर सामने आ रही है. ये तस्वीर है सचिन पायलट और राहुल गांधी की. पंजाब में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में सचिन पायलट फिर राहुल गांधी के साथ कदमताल करने के लिए पहुंच गए हैं. बीते मंगलवार को ही सचिन पायलट इस यात्रा में शामिल होने के लिए फतेहगढ़ साहिब पहुंच गए थे. राजस्थान की यात्रा के बाद यह पहली दफा है, जब सचिन पायलट फिर राहुल गांधी



के संग दिखे.

**अशोक गहलोत के धुर विरोधी हैं हरीश चौधरी**–ड़ी बात यह रही कि भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी और सचिन पायलट के साथ हरीश चौधरी भी मौजूद रहे. बायतु विधायक और पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, जो पहले कभी सीएम अशोक गहलोत के करीबी हुआ करते थे, अब धुर विरोधी हो गए हैं. ऐसे में दोनों का राहुल गांधी के साथ दिखना अशोक गहलोत के लिए चिंता का विषय हो सकता है.

**हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की बैठक में शामिल नहीं हुए पायलट**–गौरतलब है कि सचिन पायलट के समर्थक लगातार राजस्थान में नेतृत्व के बदलाव की मांग करते आए हैं. हालांकि, सचिन पायलट ने इसपर चुप्पी साधी हुई है. इसी बीच सचिन पायलट हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की बैठक में भी शामिल नहीं हुए, जिसके बाद सीएम गहलोत ने बिना नाम लिए उनपर निशाना साधा था.

मध्य प्रदेश में जब भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई थी, तो राहुल-प्रियंका गांधी के साथ सचिन पायलट ने भी कदमताल किया था. तीनों नेताओं की तस्वीरें भी खूब वायरल हुई थीं. इसे देखते हुए राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भड़क गए थे. सचिन-राहुल-प्रियंका की फोटोज़ 24 नवंबर को सामने आई थीं. उसी दिन सीएम गहलोत ने सचिन पायलट को %गद्दार% करार दे दिया था. अशोक गहलोत ने कहा था कि सचिन पायलट कभी सीएम नहीं बन सकते. उन्हें 10 विधायकों का भी समर्थन नहीं है, उन्हें कोई स्वीकार नहीं करेगा.

### ए एस आई शंभु दयाल की हत्या करने वाला अनीश मुस्लिम ह, दिल्ली पुलिस ने बताई इस दावे की सच्चाई



दिल्ली पुलिस के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ने हाल ही में बहादुरी दिखाते हुए मोबाइल स्नैचर को पकड़ा, जिसने उन पर चाकू से हमला कर दिया. पुलिसकर्मी ने चाकू लगने के बाद भी लगातार चोर से संघर्ष किया और इस घटना का पूरा वीडियो भी सामने आया. हालांकि असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर शंभु दयाल को बचाया नहीं जा सका. इस घटना के बाद से सोशल मीडिया पर वीडियो खूब वायरल हो रहा है, इसी बीच कुछ लोग पूरी घटना को सांप्रदायिक एंगल देने की कोशिश भी कर रहे हैं, जिसमें कहा जा रहा था कि आरोपी का नाम मोहम्मद अनीश है. इसे लेकर अब दिल्ली पुलिस की तरफ से जवाब दिया गया है. दिल्ली पुलिस ने ट्विटर पर साफ किया है कि स्ढ्ढ शंभु दयाल की हत्या का मामला सांप्रदायिक नहीं है, कुछ लोग सोशल मीडिया पर इसे लेकर गलत जानकारी शेयर कर रहे हैं. दिल्ली पुलिस की तरफ से किए गए ट्वीट में कहा गया, ÷स्ढ्ढ शंभु दयाल की हत्या करने वाले आरोपी का नाम अनीश राज, पुत्र -प्रह्लाद राज है.

### 'डकोटा' विमान जल्द पहुंचेगा ओडिशा, पायलट रहे पूर्व सीएम बीजू पटनायक ने कभी इसी से चलाया था सीक्रेट मिशन



कोलकाता हवाईअड्डे पर दशकों से जर्जर हालत में पड़ा ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक का 'डकोटा' विमान 16 जनवरी को ओडिशा पहुंच सकता है. बीजू पटनायक इस विमान का उपयोग किया करते थे. इतिहासकार अनिल धीर ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने 1947 में इंडोनेशिया के तत्कालीन प्रधानमंत्री सुतन सजहरिर को सुरक्षित निकालने के लिए इस विमान का इस्तेमाल किया था.बुधवार को कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे पर चार सदस्यीय तकनीकी दल विमान के कलपुर्जों को अलग-अलग करना

### ये जो तुम इतना मुस्करा रहे हो, हंसते-खिलखिलाते चेहरों के पीछे हो सकता है स्माइलिंग डिप्रेशन




हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए, जिसमें लोग पब्लिक लाइफ में या सोशल मीडिया पर काफी खुशमिजाज नजर आए. हंसते मुस्कराते हुए फोटो- वीडियो भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते दिखे और बाद में सुसाइड कर लिया. हाल ही में एक एक्ट्रेस का मामला देखा गया, जहां सुबह में उसने पोस्ट शेयर किया. शूटिंग के लिए को- एक्टर्स के साथ तैयार भी हुई और तब वह एकदम नॉर्मल थी. किसी को लगा भी नहीं कि वह कुछ ही मिनटों में सुसाइड जैसा कदम उठा सकती हैं.हालांकि अभी इस केस में जांच चल रही है और मामले को कई एंगल से देखा जा रहा है. वहीं कुछ सालों पहले एक और एक्ट्रेस जिया खान ने भी सुसाइड कर लिया था. उनकी जिंदगी में भी उतार-चढ़ाव की वजह से डिप्रेशन की बात सामने आई थी. इसी तरह के कई और मामले लगातार सामने आ रहे हैं.आम तौर पर इंसान पब्लिक लाइफ में बेहद नॉर्मल रहता है और पहचानना मुश्किल होता है कि वह डिप्रेशन जैसी समस्या से जूझ रहा है. इस स्थिति को ÷स्माइलिंग डिप्रेशन÷ कहते हैं.डिप्रेशन मानसिक बीमारी है और आम तौर पर यह उदासी, सुस्ती और निराशा से जुड़ा होता है. जिन लोगों की लाइफ स्टाइल बेहद सुस्त है और अकेले रहना पसंद करते हैं या सोचते रहते हैं. अक्सर आगे चलकर इस समस्या से जुझते हैं.

**डिप्रेशन के लक्षण**–मनोचिकत्सक डॉ. राजेश कुमार के अनुसार, डिप्रेशन हर किसी को अलग तरह से प्रभावित करता है और इसके कई प्रकार के लक्षण होते हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है गहरी और लंबी उदासी. भूख न लगना, वजन कम होना और नींद के पैटर्न में बदलाव, थकान या सुस्ती, निराशा, आत्म-सम्मान में कमी और किसी चीज में रुचि या आनंद न लेना. ये डिप्रेशन का लक्षण है.

## अब देशभर के गरीबों को मिलेगा मुफ्त अनाज, केंद्रीय कैबिनेट का फैसला

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं. जिनमें मुफ्त अनाज वाली सभी योजनाओं को सरकार ने अब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में ही शामिल कर लिया है. पहले गरीबी रेखा से नीचे आने वाले लोगों के लिए अंत्योदय अन्न योजना और ऐसी ही दूसरी योजनाएं चल रही थीं, जिनके जरिए गरीबों को मुफ्त राशन दिया जाता है. अब एक जनवरी से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत ही देशभर के गरीबों को राशन दिया जाएगा.

**करीब 80 करोड़ गरीबों को फायदा**–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में चर्चा के बाद इस फैसले पर मुहर लगाई गई. इस नई योजना की शुरुआत 1 जनवरी 2023 से हो गई और देश के करीब 80 करोड़ गरीबों को इसका लाभ मिल रहा है. इस योजना के शुरू होने के बाद साल 2023 में प्राइमरी हाउसहोल्ड और अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन दिया



जाएगा.केंद्र सरकार की तरफ से बताया गया है कि के तहत देशभर के गरीबों में राशन वितरण करने से पारदर्शिता आएगी और सभी राज्यों में एक जैसी व्यवस्था होगी. ये एकीकृत योजना गरीबों के लिए खाद्यान्न की पहुंच, सामर्थ्य और उपलब्धता के मामले में हस्नस्न 2013 के प्रावधानों को मजबूत करेगी.

**एक साल के लिए बढ़ाई गई थी योजना**–इससे पहले दिसंबर 2022 में बताया गया था कि मोदी सरकार ने क्करूत्रद्म योजना को एक साल तक के लिए बढ़ा दिया है. यानी अगले एक साल तक गरीबों को मुफ्त अनाज की सुविधा मिलती रहेगी. बता दें कि साल 2020 में कोरोना लॉकडाउन के बाद सरकार की तरफ से इस योजना को लागू किया गया था, जिसके तहत गरीबों को 5 किलो मुफ्त राशन मुहैया कराया जाता है. हालांकि पहले ये 10 किलो था, जिसे अब कम किया गया है. मुफ्त अनाज में कटौती को लेकर विपक्षी नेता भी मोदी सरकार पर हमलावर हैं.

### कौन है जलेबी बाबा, जिसने नशीली चाय पिलाकर किया 120 से ज्यादा महिलाओं का रेप, अब मिली 14 साल की कैद




हरियाणा के बहुचर्चित जलेबी बाबा सेक्स स्कैंडल मामले में फतेहाबाद की कोर्ट ने अमरपुरी उर्फ जलेबी बाबा को 14 साल कैद की सजा सुनाई है. जलेबी बाबा पर तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं से रेप करने का आरोप था, जिसमें उसे दोषी करार दिया गया है. जलेबी बाबा पर रेप के साथ ही पॉक्सो एक्ट और आईटी एक्ट में भी मामला दर्ज था. आरोपों के मुताबिक, जलेबी बाबा उर्फ अमरपुरी ने नशीली चाय पिलाकर 120 से ज्यादा महिलाओं के साथ रेप किया था. इतना ही नहीं, उसने इन सभी महिलाओं के साथ दुष्कर्म के वीडियो भी बनाए थे. जिनके दम पर जलेबी बाबा महिलाओं को ब्लैकमेल करता था. कोर्ट में सजा सुनाए जाने वक्त अमरपुरी रहम की भीख मांग रोने लगा

## दिल्ली में महंगा हुआ ऑटो-टैक्सी का सफर केजरीवाल सरकार ने नोटिफाई किए नए रेट

बढ़ती महंगाई के बीच दिल्ली सरकार ने ऑटो-टैक्सी किराये की नई दरों को नोटिफ़ाई कर दिया है. यानि अब आपको ऑटो-टैक्सी के लिए नई दर के हिसाब से किराया चुना पड़ेगा. ऑटो का मीटर पहले डेढ़ किमी के बाद 25 रुपये के बजाय 30 रुपये पर डाउन होगा और उसके बाद प्रति किमी 9.5 रुपये के बजाय 11 रुपये किराया चुकाना पड़ेगा. वहीं, न्यूनतम 40 रुपये किराये के बाद अब नॉन एसी टैक्सियों के लिए यात्रियों को अब प्रति किलोमीटर 17 रुपये के हिसाब से चुकाने पड़ेंगे.गौरतलब है कि पहले यह शुल्क 14 रुपये प्रति किलोमीटर था. जबकि एसी टैक्सी का किराया 16 रुपये प्रति किमी से बढ़ाकर 20 रुपये प्रति किमी किया गया है. नाइट चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है.बता दें कि दिल्ली सरकार ने 28 अक्टूबर 2022 को दिल्ली में ऑटो रिक्शा और टैक्सी के संशोधित किराये को मंजूरी दी थी.



सीएनजी की लगातार बढ़ती कीमत से परेशान ऑटो और टैक्सी चालक लंबे समय से किराये में वृद्धि की मांग कर रहे थे. उनके इसी अनुरोध पर दिल्ली सरकार ने पिछले वर्ष ही किराया संशोधन के लिए गठित कमिटी की रिपोर्ट पर किराये में किया गया था बदलाव करने का ऐलान किया था, जिसे अब नोटिफाई कर दिया गया है. यानी अब यात्रियों को बढ़े हुए दाम के हिसाब से किराया चुकाने पड़ेंगे.

**पिछले वर्ष तकरीबन 73 प्रतिशत तक बढ़े सीएनजी के दाम**–इस वक्त राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 79.56 रुपए प्रति किलो सीएनजी है. गौरतलब है कि पिछले एक साल के दौरान सीएनडी तकरीबन 73 प्रतिशत तक महंगा हो गया है. 1 अक्टूबर 2022 को ष्टहृत्र 45.5 रुपए प्रति ग्त्र था, जबकि वक्त यानी 11 जनवरी 2023 को ष्टहृत्र 79.56 रुपए प्रति किलो पर है. इस तरह पिछले 14 महीनों में ष्टहृत्र 34.06 रुपए प्रति किलो महंगा हो गया है. ष्टहृत्र की कीमतों में वृद्धि के वजह से ऑटो और टैक्सी चालकों के साथ ही निजी वाहन मालिकों को भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है.

### पीएम ने मांगी थी माफी, कहा- हमसे भूल हो गई किसान आंदोलन के दौरान देश से लौटाए गए सिख बिजनेसमैन का दावा

साल 2023 में प्रवासी भारतीय सम्मान जिन एनआरआई को दिया गया है उनमें अमेरिका में बसे दर्शन सिंह धालीवाल भी हैं. दर्शन सिंह धालीवाल ने दावा किया है कि पीएम मोदी ने उनसे 150 लोगों के सामने माफी मांगी थी जिसमें उन्होंने अपनी बड़ी गलती को लेकर दुख जताया था. दरअसल दर्शन सिंह धालीवाल वही एनआरआई हैं जिन्हें 23-24 अक्टूबर 2021 को किसान आंदोलन के दौरान लंगर लगाने के लिए नई दिल्ली एयरपोर्ट से वापस भेज दिया गया था. मंगलवार को इन्हीं दर्शन सिंह को राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रवासी भारतीय सम्मान से नवाजा.

# जीतो के महिलाओं की उड़ान का आगाज

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** दुनिया भर में व्यापार के बदलते मिजाज, नित नये आयाम, बदलती सोच, नित्य प्रति नये उत्पादों का प्रदर्शन, बदलती फेशन स्टाइल, खरीददारो में बढ़ती जागरुकता, बाजारो की स्थिरता न होना और गला काट प्रतिस्पर्धा के बीच एक मध्यम स्तरीय व्यापारी को अपने व्यवसाय में स्थिरता पाना व सफल होना काटो पर चलना जैसा साबित हो रहा है।उसमें भी अगर वैसे मध्यम स्तरीय व्यापार का जिम्मा अगर किसी महिला के कंधों पर हो तो और भी ज्यादा मुश्किलों से सामाना होता है। परंतु समय समय पर सरकारी तंत्र, इंस्टिट्यूट, संघ-संस्थाये अलग अलग तरह के आयोजन व योजनायें लाकर उनके लिये राहत भरा कार्य करते है। जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग ने भी महिला उद्यमियों को उनके उत्पाद को उचित प्लेटफार्म पर प्रदर्शित करने, उनके आर्थिक सशक्तिकरणकरण व सामाजिक उत्थान के मुख्य उद्धेश्य के साथ दो दिवसीय ÷उड़ान÷ प्रदर्शनी का आयोजन का आगाज किया। कुमारा कृपा रोड स्थित होटल ललित अशोक में आयोजित ÷उड़ान÷ प्रदर्शनी का बुधवार को पहला दिन था।प्रदर्शनी का उद्धघाटन राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया, गांधी नगर विधायक दिनेश गुण्डूराव व फेसन स्टाइलिश प्रसाद बीड़प्पा ने किया, उद्धघाटन में 2015 की मिसेज एशिया प्रतिभा सौनस्मिता व इंडो स्पेस की उपाध्यक्ष पल्लवी जयप्रकाश ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया साथ ही जीतो एपेक्स, जोन, नार्थ-साउथ व महिला पदाधिकारियों ने भी उड़ान उद्धघाटन में अपनी भागीदारी निभायी।इस अवसर पर सांसद लहरसिंह सिरोया ने महिला विंग को सहयोग करने के लिये जीतो को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज की महिलायें घर परिवार की जिम्मेदारी के साथ व्यापारिक व सामाजिक स्तर पर भी अपना लोहा मनवाने के लिये तैयार है।उन्होंने कहा कि जीतो महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करने का कार्य कर रहा है साथ ही कहा कि बिना महिलाओं के देश के विकास की कल्पना नही की जा सकती है।विधायक दिनेश गुण्डूराव ने कहा कि उड़ान जैसी प्रदर्शनियो से न केवल व्यापारिक उत्थान का रास्ता बनता है साथ ही महिलाओं की काबिलियत के प्रदर्शन का मंच भी मिलता है।केकेजी जोन अध्यक्ष अशोक सालेचा ने महिला विंग को बधाई देते हुए कहा कि यह एक तरह का अनूठा कार्यक्रम है जहां कई तरह की संस्कृति व रंगो को देखने को मिलेगा। एपेक्स के पूर्व उपाध्यक्ष पारस भंडारी ने कहा कि जीतो की स्थापना का उद्धेश्य ही सदस्यों व समाज को आर्थिक रूप से उन्नत करे और उड़ान इसका जीता जागता उदाहरण है, आज उड़ान समाज में एक ब्रांड बनता जा रहा है। जीतो बैंगलोर साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि घर की चारदिवारी से बाहर निकलकर ऐसे आयोजन करना बहुत ही हिम्मत का कार्य है।जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा व महामंत्री सुधीर गादिया ने महिला विंग के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ÷उड़ान÷ के माध्यम से महिलाओं में व्यापारिक आत्मविश्वास की बढ़ोतरी होगी। जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने उड़ान आयोजन पर कहा कि यह प्रदर्शनी महिलाओं के लिये-महिलाओं के द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। सचिव सुमन वेदमुथा ने मुख्य प्रायोजक सुनीता राजेंद्र गांधी, सह प्रायोजक राजेंद्र कुमार अंकित गुलेच्छा, मीडिया प्रायोजक प्रकाशचंद सिंघवी व सहयोगी प्रायोजक निशा प्रवीण टुकलिया को उड़ान प्रदर्शनी को वास्तविक धरातल पर उतारने हेतु धन्यवाद दिया। सभी प्रायोजकों को सम्मानित किया गया। उड़ान संयोजक रेश्मा पुनमिया व सह संयोजक भाविका कोठारी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में कर्नाटक सहित अनेकों राज्यों की महिला उद्यमी विभिन्न प्रकार के घरेलू उत्पादों को बिक्री एवं प्रचार हेतु प्रदर्शित कर रहे है। दो दिन की इस प्रदर्शनी के पीछे महिला सदस्यों की महीनों की मेहनत है। प्रदर्शनी में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुकों के लिये तथा अल्पसंख्यक योजनाओं की जानकारीके लिये भी स्टालों की व्यवस्था की गई है तथा साधर्मिक महिलाओ को अपने घरेलू उत्पाद बेचने के लिये भी स्टाल्स उपलब्ध कराई गई है। उद्धघाटन के संचालन की व्यवस्था मुख्य सचिव सुमन वेदमुथा ने सँभाली। इस अवसर एपेक्स निदेशक नरेंद्र सिंह सामर, विनोद जैन व हितेश पालरेचा, केकेजी जोन महामंत्री दिलीप जैन, जीतो बैंगलुरु साउथ महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल के साथ साथ अनेको पूर्व पदाधिकारी, जीतो के दोनो चेप्टर के पदाधिकारी, जीतो सदस्य व महिला सदस्य तथा अन्य गणमान्य भी मौजूद थे




## कैलारस-सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर पुलिस ने निकाली बाईक रैली

### वाहन चालकों को दी समझाइस

गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे



**कैलारस-** यातायात नियमों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए 11 जनवरी से 17 जनवरी तक चलने बाले सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान की शुरुआत कैलारस पुलिस थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह द्वारा 11 जनवरी प्रथम दिन बाईक रैली निकाल कर की गई थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह उप निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत आम जन व वाहन चालकों को सड़क पर चलने और सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रथम दिन कैलारस पुलिस दुबारा हेलमेट लगाकर शहर में बाईक रैली निकाल कर समझाइश दी की आप सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करे और अन्य लोगो के नियमो का पालन कराए कभी भी वाहन चालक शराब पीकर गाड़ी न चलाए दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के बाहन न चलाए चार पहिया बाहन चालक वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करे तेज गति से वाहन न चलाएं कभी भी बाहन को ओवर ट्रैक करने का प्रयास ना करें बहनों पर तेज आवाज में साउंड स्पीकर का प्रयोग ना करें बाहन चलाते समय मोबाइल से बात ना करें एवं बाहन चलाते समय कानों में मोबाइल की लीड लगाकर बाहन न चलाये बही रास्ते में एम्बुलेंस निकलने के लिये रास्ता जरूर दे बही बहनों में ओवर लोड माल न भरे नही तो बहनों का पलटने का डर रहता हैं बही स?क पर बाहन चलाते समय स?क लगे बोर्डों पर विशेष ध्यान दे क्यो की उनके पास स्कूल, हॉस्पिटल, एव कुछ भी हो सकता हैं बही जल्दी देर भली खुद सुरक्षित रहे औरो को भी सुरक्षित रहने दे यह शंदेश आमजन एव बाहन चालको को दिया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत हर दिन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा इस दौरान बिना हेलमेट बिना सुरक्षा बेल्ट शराब पीकर बाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी बही सभी बाहन चालक अपने बाहन के कागज एव ड्राइविंग **लाइसेंस एव अन्य दस्तावेज आवश्य ले कर चले**-उपनिरीक्षक वीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक देव सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक पंचम सिंह, श्यामवीर सिंह, संतोष कटारे, आरक्षक देवेंद्र, महेन्द, ब्रजराज, सहित अन्य स्टाप मौजूद रहा

## सार्थक ऐप के विरोध में स्वास्थ्य अमले ने ज्ञापन सौंपा

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** स्वास्थ्य विभाग में सार्थक ऐप के द्वारा हाजिरी देने का विरोध पूरे मध्यप्रदेश में हो रहा है, इसी कड़ी में आज म.प्र. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह ने सार्थक ऐप का विरोध करते हुए ज्ञापन दिया। प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग 24म7 सेवाएं देता है तथा स्वास्थ्य सेवाएं आपातकालीन सेवाएं होने के कारण स्वास्थ्य अमले को विभिन्न अभियान, शिविर, मेले, मीटिंग, ट्रेनिंग, वीसी, वीआईपी ड्यूटी, चुनाव ड्यूटी में काम करना पड़ता है। कोरोना संक्रमण काल में स्वास्थ्य विभाग ने दिन-रात सेवाएं दी है। स्थान व समय की परिवर्तनशीलता होने के कारण सार्थक ऐप द्वारा किसी निश्चित समय एवं निश्चित स्थान पर प्रतिदिन हाजिरी देना संभव नहीं है साथ ही अनेक स्थानों पर नेटवर्क की भी समस्या रहती है। सार्थक ऐप का विरोध करते हुए बड़ी संख्या में डॉक्टर्स, अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर सीएमएचओ डॉ. संगीता त्रिवेदी को स्वास्थ्य आयुक्त संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल के नाम से जिलाध्यक्ष के.आर. पांडे ने ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर डॉ. श्रद्धा गंगेले, डॉ.प्रहलाद पटेल, डॉ. एपी जैन, डॉ. अश्वनी पटेल, राकेश हजारी, सत्य नारायण तिवारी, अनिल जैन, प्रदीप स्वामी, रश्मि सेन, शकीला शेख, विनी लाल, रीना सुमन, हेमेंद्र गौतम, देशराज ठाकुर, नईम खान सहित विभिन्न ब्लाकों से आए एएनएम, एमपीडब्ल्यू ,एलएचवी, नर्सो सुपरवाइजर, अकाउंटेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, संविदा कर्मचारी, जिला व ब्लाक पदाधिकारी, सीएमएचओ स्टॉफ आदि कि ज्ञापन में उपस्थिति रही।



ज्ञापन




स्वास्थ्य कर्मी

## विधायक का लगातार लोगों के बीच जनसंपर्क

पुष्पांजली टुडे



**दमोह/जबेरा।** विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने तेंदूखेड़ा जनपद के ग्रामों मे जनसंपर्क किया इस दौरान ससना कला, देवरी खेड़ा, सनाई, कुदपुरा पहुंचे और लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को जाना। देवरी खेड़ा के लोगों ने बताया कि ग्राम में पानी के स्त्रोत ना होने से पानी की समस्या बनी हुई है साथ ही ग्राम के लोगों ने बताया कि बिजली ट्रांसफार्मर खराब है जिससे पर्याप्त बिजली प्राप्त नहीं हो पा रही है। इस पर विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से बात की तो अधिकारी ने बताया कि लोगों की बिजली बिल बकाया होने के कारण वहां पर नए ट्रांसफार्मर नहीं रखा जा रहा है विधायक ने सभी से आग्रह किया कि जितना हो सके बिल जमा करें जिससे बिजली विभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर बदलने में आसानी हो सके। पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पीएचई विभाग के अधिकारी को दूरभाष के माध्यम से पानी की समस्या से अवगत कराया तो अधिकारी ने कहा कि जल्द ही हेड पंपों का सुधार कार्य किया जाएगा। कुदपुरा के लोगों ने वाद्य यंत्र कि मांग विधायक से की जिस मांग को स्वीकारते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही आप लोगों को वाद्य यंत्र प्रदान किए जाएंगे।इसके बाद विधायक गांव में स्थित मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने आगामी दिन में होने वाले यज्ञ कि जगह मुआयना किया एवं मंदिर में विधायक के द्वारा दिए गए ?1लाख रुपयों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

## मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच का संभागीय मिलन समारोह हुआ संपन्न



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच कि संभागीय इकाई के तत्वाधान में सागर जिले के मकरोनिया में नव वर्ष एवं मकर संक्रांति के अवसर पर पदाधिकारी मिलन समारोह दिनांक 11 /1/2023 को संपन्न हुआ। इस समारोह कि अध्यक्षता संभागीय संभागीय अध्यक्ष पं.अनिल पाराशर ने की एवं मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक पांडे भी अल्प प्रवास पर आए और कार्यक्रम में शामिल हुये देवरी में उनके द्वारा मंच के कार्यालय एवं कार्यकारिणी का संभाग एवं जिले में विस्तार करने आदेश दिए इसके बाद परिषद में कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मंच के उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद भारद्वाज ने समारोह को संबोधित करते हुए कर्मचारियों की एकजुटता पर बल दिया।मिलन समारोह में सभी शासकीय एवं अर्ध शासकीय विभागों से आए हुए पदाधिकारियों को संभागीय अध्यक्ष के द्वारा नियुक्ति पत्र दिए गए।संभागीय प्रवक्ता रवि कांत चौबे ने बताया कि समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश के महामंत्री राजूशील यादव, संभागीय अध्यक्ष पं.अनिल पाराशर, उपाध्यक्ष पं.बद्री प्रसाद भारद्वाज, संजीव पटेरिया, सचिव संतोष नामदेव, मिथिलेश कुमार शांडिल्य, संगठन मंत्री मोहनलाल राठौर,नरेंद्र कटारे,महामंत्री रामेश्वर प्रसाद दुबे,प्रवक्ता रविकांत चौबे,सह सचिव शिवनारायण सेन, कोषाध्यक्ष पंडित राकेश दुबे, जिलाध्यक्ष देवेंद्र यादव उपाध्यक्ष श्यामकुमार दुबे सहित सैकड़ों कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ जागेश राठौर ने एवं आभार व्यक्त सतीश राठौर, नीरज राठौर,निखिल राठौर ने किया।

## जेल में पूर्व मंत्री राजा पटैरिया की लाडले नाती से मुलाकात,परिजन और जेल स्टाफ हुआ भावुक

### परिजनों से बोले पटैरिया यह विचाराधारा की लडाई है मुझे अभी और प्रताडित किया जायेगा

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर



पत्नी और बेटे ने कहा, हमें न्याय पालिका पर पूरा भरोसा, मिलेगा इंसाफ

पन्ना/प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथिततौर पर विवादित टिप्पणी करने के मामले मे न्यायिक अभिरक्षा में पवई जेल में बंद पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजा पटैरिया की आज अपने लाड़ले नाती कबीर से बहुप्रतीक्षित मुलाकात हुई। दादा और नाती की इस मुलाकात ने परिजनों समेत जेल स्टाफ को भावुक कर दिया। जेल मे पूर्णतः साधारण कैदी की तरह रह रहे पूर्व मंत्री पटैरिया की हालत को देख पत्नी, बेटे और बहू की आंखे छलक उठीं। जिस पर परिजनों को समझाते हुए पटैरिया ने कहा कि यह विचाराधारा की लड़ाई है, मुझे अभी आगे भी इसी तरह षडयंत्र पूर्वक प्रताड़ित किया जायेगा। लेकिन हौसला और उम्मीद रखो जीत अंत मे सच्चाई की होगी। जेल की इस मुलाकात की जानकारी पूर्व मंत्री पटैरिया के परिजनों ने पत्रकारों को दी है।पवई से चित्रकूट जाते समय पूर्व मंत्री राजा पटैरिया के परिजन कुछ समय के लिए आज पन्ना मे रूके। इस दौरान उन्हाने अपने पारिवारिक, मित्रों कांग्रेसजनो से मुलाकात की और पत्रकारों से भी रूबरू हुए। पत्रकारां के सवालों का जवाब देते हुए श्री पटैरिया के सुपुत्र आनन्द मोहन पटैरिया ने बताया कि उनके पिता को राजनैतिक दुर्भावना के तहत षडयंत्र पूर्वक फंसाया गया है। जिस भाषण को लेकर बेवजह विवाद पैदा किया गया। उसे पूरा सुनने से और कही गई बात की भावना को समझने से स्थिति स्वतः ही आईने की तरह साफ हो जाती है।उल्लेखनीय है कि पवई के रेस्ट हाउस मे कांग्रेस पार्टी के द्वारा आयोजित एक बैठक के दौरान पूर्व मंत्री राजा पटैरिया ने अपने भाषण मे कहा था कि, मोदी चुनाव खत्म कर देगा, धर्म जाति के आधार पर समाज को बांट देगा। मौजूदा परिस्थितियों में आदिवासियो एवं अल्पसंख्यको का जीवन और संविधान खतरे में है। हमें अगर संविधान को बचाना है तो मोदी की हत्या के लिए तत्पर्य रहना होगा। हत्या इन-द- सेन्स चुनाव मे हराना होगा। पूर्व मंत्री राजा पटैरिया के पुत्र ने कहा कि उनके पिता के इस बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत कर मामले को तूल देने के लिए वीडियो को आधा अधूरा प्रसारित किया गया। हालांकि बाद मे मीडिया में पूरा बयान संदर्भ के साथ प्रसारित हुआ लेकिन तब तक षडयंत्र के तहत भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उनके पिता के खिलाफ न सिर्फ मामला दर्ज कर लिया था बल्कि चौबीस घंटे के अन्दर गिरफ्तार भी कर लिया था। श्री पटैरिया की बहू प्राची पटैरिया ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ जुबान फिसलने का सामान्य सा मामला था जिसे उनके पिता समान ससुर ने अपने भाषण के अगले अंश में पुर्णतः स्पष्ट कर दिया था। फिर भी उन्हें जानबूझकर आपराधिक प्रकरण में फंसाया गया है। चिंक वे भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की बांटने वाली विचारधारा के खिलाफ गांधीवादी मूल्यां की मशाल को रोशन कर रहे है। जनहित के मुद्दां से ध्यान हटाने में महारथ हांसिल कर चुकी भारतीय जनता पार्टी समय- समय पर इस तरह के हथकंडे करती रहती है। आनन्द मोहन और उनकी पत्नी ने एक सवाल के जवाब मे कहा कि उनके परिवार को न्यायालय पर पूरा भरोसा है हमें जल्द से जल्द न्याय मिलेगा। उन्होने बताया कि अन्याय के खिलाफ इस संघर्ष में कांग्रेस पार्टी हर कदम पर हमारे साथ मजबूती से खड़ी है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री राजा पटैरिया की पत्नी श्रीमती बकुलराजे पटैरिया भी मौजूद रहीं।

### दमोह का युवा बना यूथ अचीवर्स

## मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन में करेगा जिले का नेतृत्व



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा युवा प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय आयोजन मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दिशा निर्देश पर सीएम हाउस भोपाल में आयोजित होना है जिसमें प्रदेश भर के युवा अचीवर्स को आमंत्रित किया गया है इसी क्रम में दमोह जिले के युवा समाजसेवी जिनके द्वारा निरंतर सामाजिक, शैक्षणिक, साहित्यिक, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण सहित अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृष्णा पटैल को दमोह जिले से एकमात्र यूथ अचीवर्स के रूप में चयनित कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है जो 12 जनवरी 2023 को सीएम हाउस भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से संवाद करेंगे। यूथ अचीवर्स कृष्णा पटैल ने कहा कि यह अत्यंत गौरवमयी पल होंगे जब वह दमोह जिले से एकमात्र युवा अचीवर्स के रूप में मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अपने जिले का नेतृत्व करेंगे मैं मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझे इस योग्य समझते हुए युवा अचीवर्स के रूप में आमंत्रित किया है इस प्रकार के कार्यक्रमों से निश्चित तौर पर प्रदेश के युवाओं में एक नई ऊर्जा और क्रांति का संचार होगा जिससे वह समाज हित के जन कल्याणकारी कार्य करने हेतु प्रेरित होगें। युवा अचीवर्स कृष्णा पटैल को मिली इस उपलब्धि पर जिले के समस्त समाजसेवियों ने उन्हें शुभकामनायें प्रेषित की।

## अधिकारियों द्वारा ग्राम भ्रमण निरंतर जारी

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

**पन्ना।** पन्ना जिले में विभागीय अधिकारियों द्वारा निरंतर ग्राम भ्रमण कर ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी जा रही हैं। साथ ही भ्रमण के दौरान विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। इस क्रम में शिविरों के द्वारा भी लोगों को लाभांवित करने की कार्यवाही की गई है।आज आयुष विभाग द्वारा ग्राम बृजपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसी तरह लीड बैंक अधिकारी ने शासकीय माध्यमिक शाला देवरीगरी पहुंचकर शैक्षणिक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों और बच्चों से संवाद भी किया। उप संचालक कृषि द्वारा ग्राम पंचायत गुखौर में जल जीवन मिशन के तहत लाइन लीकेज के कार्य को दुरूस्त करवाया गया। वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारी द्वारा गत दिवस ग्राम डिघौरा में भ्रमण के दौरान हितग्राही महिला गेंदा बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी राशि नहीं मिलने के संबंध में की गई शिकायत का निराकरण करवाया गया। अन्य अधिकारियों ने भी गांव भ्रमण के जरिए लोगों की समस्याएं सुनी। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर द्वारा गत माह सभी अधिकारियों को गांव भ्रमण के माध्यम से ग्रामवासियों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने तथा जिला मुख्यालय तक अनावश्यक आवागमन की परेशानी के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश जारी किए गए थे।



# आज समाज कोई भी हो सभी एक ही बीमारी से ग्रसित है वह बीमारी है हीन भावना



कहने का मतलब यह है कि कोई भी व्यक्ति एक दूसरे को बड़ता हुआ नहीं देखना चाहता यही कारण है कि लोगो के बीच भाईचारा धीरे धीरे घटता जा रहा है भाई भाई से अपने मन की बात कहने में हिचकने लगा है कि कहीं हम छोटे न हो जाये। परेशान होने के बावजूद अपनी बात दूसरे से बताकर मन को हल्का कर लेगा लेकिन भाई को नहीं बताएगा जबकि वह यह भूल जाता है की दूसरे को बताकर वह अपनी जमीन को और कमजोर कर रहा है क्या कभी हमने अपनों के बीच खुशियाँ बाटने का प्रयास किया है ड़ जरा सोचना कबसे अपने रिस्तेदारो से नहीं मिले !ऌईगो,ऌअहम,ऌहोड़ ये वो शब्द है जो आदमी को जानवर बनाने पर तुले हुए है इन्ही शब्दों की बजह से हमारा भाईचारा खत्म होता जा रहा है इसी की वजह से संयुक्त परिवार एकल परिवार का रूप ले चुके है जन्शंख्या को कम करने के चक्कर में धीरे धीरे चाचा -चाची , ताऊ-ताई, बुआ- फूफा , मामा- मामी , मौसा -मौसी आदि के रिश्ते खत्म होने की कगार पर है आजकल टीवी पर प्रसारित होने वाले सीरियल भी परिवारों के बीच कलह का कारण बन चुके है इस पूरे सनातन संस्कृति जो की भाई चारा, शिष्टाचार , आदर सत्कार का प्रतीक है को खत्म करने में टीवी सीरियल का बहुत बड़ा योगदान रहा है रामायण, महाभारत, सीरियल देखने के लिए करोंडो लोगो की लाइन लगती थी क्यों ड़क्योंकि यह हमें सत्मार्ग का रास्ता बताने का प्रयास करते है लेकिन सास बहु जैसे सीरियल अकेले में देखे जाते क्यों ड़ क्योंकि षड्यंत्र हमेशा अकेले में ही रचे जाते है इसलिए समय रहते भाई चारे को बडाने का प्रयास करो ताकि हम एक दूसरे के चेहरे पर मुस्कान की वजह बन सके

समाजसेवी अरुणेश सिंह भदोरिया
राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी

# कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड ।** शहर कांग्रेस ने अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि और अटेर क्षेत्र के ग्राम सुरपुरा के समाजसेवी पंडित छक्की लाल पटेल की तेईसवीं पुण्यतिथि पर सयुक्त रूप से (छक्की लाल पटेल) सी एल पी मेमोरियल नर्सिंग होम अटेर रोड पर विचार गोष्ठी आयोजित कर मनाई। सबसे पहले कांग्रेस जनों ने ग्वालियर रोड स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की **प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की**-इस अवसर पर शहर जिला अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री एक ऐसे प्रधानमंत्री थे, जिनके आह्वान पर पूरे देश ने एक वक्त का खाना छोड़ दिया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू के निधन के बाद 9 जून 1964 को उन्होंने प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण किया और करीब 18 महीने तक देश का नेतृत्व बतौर प्रधानमंत्री किया। उनके नेतृत्व में ही 1965 में भारत-पाकिस्तान जंग में पड़ोसी मुल्क को शिकस्त मिली थी उन्होंने ही जय जवान जय किसान का नारा भी दिया । अटेर क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय पंडित छक्की लाल जी पटेल ने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक कार्य किये सुरपुरा में पुलिस थाना स्कूल अस्पताल और तहसील के लिए अपनी निजी भूमि का दान देकर क्षेत्र विकास के लिए अग्रणी भूमिका निभाई। एवं तत्कालीन समय पर दस्यू समस्या के निवारण मे सहायता दी।इस अवसर पर संतोष त्रिपाठी ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात शास्त्रीजी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। गोविंद बल्लभ पंत के मन्त्रिमण्डल में उन्हें पुलिस एवं परिवहन मन्त्रालय सौंपा गया। परिवहन मन्त्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला संवाहकों (कण्डक्टर्स) की नियुक्ति की थी। पुलिस मंत्री होने के बाद उन्होंने भीड़ को नियन्त्रण में रखने के लिये लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारम्भ कराया। 1951 में, जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वह अखिल भारत कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किये गये। उन्होंने 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिये बहुत परिश्रम किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ,संतोष त्रिपाठी ,रेखा भदौरिया,डॉ. नरेंद्र खुरासिया, डॉ.ब्रजबाला सिंह,मनोज जैन,कुलदीप भारद्वाज,बृजेश जैन, श्याम श्रीवास्तव, प्रदीप भदोरिया,सोनू जैन,अवधेश सिंह सुभाष कृपाराम विशाल अरविंद आदि उपस्थित रहे।



# शहर में 28 ट्रांसफार्मर बदले गये 13 ट्रांसफार्मरों को 13 जनवरी तक बदला जाएगा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड ।** जिला विधुत विभाग के अधिकारियों का कहना है,कि वर्तमान में भिण्ड शहर में हीटरों के अत्याधिक उपयोग से ट्रांसफार्मर पर अत्याधिक दवाब बढ़ रहा है, जिस कारण ट्रांसफार्मर असफल हो रहे हैं एवं केबल जलने की समस्या उत्पन्न हो रही है जिससे विद्युत अवरोध उत्पन्न हो रहा है विद्युत कर्मचारियों के दिन-रात काम करने के बावजूद भी विद्युत व्यवस्था सुधार करने में समय लग रहा है। विगत 7 दिवस में विभिन्न क्षेत्रों के ट्रांसफार्मर असफल हैं जिन्हें बदलने की कार्यवाही तत्परता से की जा रही है, 1 दिसम्बर 2022 से आज दिनांक तक भिण्ड शहर में कुल 41 वितरण ट्रांसफार्मर फेल हुए थे जिनमें से 28 बदले जा चुके हैं शेष वितरण ट्रांसफार्मर 13 जनवरी 2023 तक बदल दिए जाएंगे।महाप्रबंधक म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. भिण्ड ने बताया कि भूसा के टाल के पास जगराम नगर,अखिलेश राठौर मेन रोड भारौली, शिवाजी नगर के लिए बंटी सब स्टेशन वाला, स्वतंत्र नगर मुन्नूसिंह, नीलम कोल्ड स्टोर वाला डीटीआर इन-1, गोपाल मिश्रा-2 वाला, रेखा नगर 2-वाला, डीटीआर इन्डस्ट्रियल 2, भागीरथ श्रीवास अटेर रोड, महाराणा प्रताप नगर, इटावा रोड एफ, किले के पीछे चोबे वाला डीडीआर, एमजेएस कॉलेज के कैफे वाला डीटीआर, सरोज नगर पंप के बगल से, मातादीन का पुरा किशनसिंह यादव वाला, श्रीराम नगर चरहा वाला, लश्कर रोड पीएवाला डीटीआर एन, दुर्गानगर संतोषनगर डीटीआर 2, बेर के पेड के पास पुरानी पुलिस लाईन, विश्वनाथ धर्मकांटे के पीछे दर्पण कॉलौनी, नर्सिंगराव वाला डीटीआर, गायत्री मंदिर 2 वाला डीटीआर, अटेर रोड मातादीन का पुरा गली के बगल से, गली नं.7 के अन्दर गांधीनगर, गांधीनगर जवाहर कॉलौनी डीटीआर, पुरानी बस्ती नाला के पास, राठौर गली केके भट्टा, महावीर नगर विद्या भारती डीटीआर, अशोक नगर वाला वितरण ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं।साथ ही जीएन गफ़र खान वाला डीटीआर, हाजीनगर बाईपास रोड, रघुनाथ नगर, डब बाला, देवनगर वाला, कुरथरा रोड इटावा रोड, नरेश नगर वाला, जयप्रकाश शुक्ला वाला, कृषक स्कूल के पास समीर नगर, दिलीप सिंह कुशवाह भारौली रोड, भारौली रोड रामराजा वाला, 63केवीए धर्मेन्द्र वाला डीटीआर मरघट गली अटेर रोड एवं शिवाजी नगर 2 वाला 13 जनवरी 2023 तक वितरण ट्रांसफार्मर बदल दिये जाएंगे। समस्त उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि हीटर का उपयोग न करें। अनावश्यक रूप से विद्युत का उपयोग न करें एवं विद्युत व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील महाप्रबंधक ने की है।

# महेंद्र मुणोत ने गौसेवा के लिए दिया सहयोग

पुष्पाजंली टुडे



**बेंगलरू ।**पाली जिला के गुड़ा श्यामा ग्राम स्थित श्री कृष्णा धारेश्वर महादेव गौशाला समिति के नथमल मालवीय लोहार एवं रमेश कुमार प्रजापत को मारूति मेडिकल के प्रमुख गौ रक्षक महेंद्र मुणोत ने ?201000 का गौ सेवा के लिए सहयोग राशि का चेक प्रदान करते हुए महेंद्र मुणोत

# अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक, हज़ारीबाग द्वारा सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निम्नलिखित बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिया गया

स्टेट हेड झारखंड-आनन्द शाही



1. पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी तथा सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए.
2. 5/10 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया. सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया
3. आगामी सरस्वती पूजा को लेकर सुरक्षा से संबंधित दिशानिर्देश दिए गए.
4. सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया.
5. अवैध पोस्ता एवं अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया तथा उनके विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया.
6. महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया.
7. नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया.
8. विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया. साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया.
9. नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया.
10. संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ ष्टष्ट एवं ह्रू के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया.
11. सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया.
12. अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया. इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवम् जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया.

# इंटरव्यू सलेक्शन की प्रक्रिया है फिर रिजेक्शन का भय क्यों ? डॉ. दीक्षित

**पुष्पांजली टुडे**
**ग्वालियर** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ग्वालियर ब्रांच, गोले का मंदिर सेंटर पर , पैरामेडिकल के छात्र छात्राओं को, प्रभावी साक्षात्कार के टिप्स के बारे में जानकारी दी गई । कार्यक्रम में संस्था के मानसेवी सचिव डॉ के के दीक्षित उपस्थित थे जिन्होंने अपने उद्बोधन के माध्यम से 45 छात्र छात्राओं को इंटरव्यू के लिए महत्वपूर्ण जानकारी के बारे में बताया । डा दीक्षित ने कहा इंटरव्यू एक व्यक्ति को कार्य विशेष करने के लिए सलेक्शन की प्रक्रिया है न कि, रिजेक्शन की, इसलिए हमे साक्षात्कार के समय भयभीत नहीं होना चाहिए। यदि भय या व्याकुलता लगे तो, लम्बी लम्बी सांसे ले जिससे सामान्य होने मे मदद मिलेगी। डा दीक्षित ने बताया कि इंटरव्यू के समय ओपचारिक ड्रेस को पहनना चाहिए, जिससे आपका पहला इंप्रेशन अति प्रभावी हो। आपसे पूछा जाने वाले प्रश्न को ध्यान से सुने और उसका सटीक एवम संछिप्त उत्तर दे। ईमानदारी से अपनी बात कहें, अंदाजा लगाना तथा गलत जवाब देने से बचे और अपने आत्मविश्वास को बनाए रखने के लिए है चेहरे पर मुस्कुराहट के साथ सवालों का जवाब दे । डा दीक्षित ने समझाया कि कभी-कभी ऐसा भी अवसर आता है कि, हम इंटरव्यू के बाद, सलेक्शन न होने पर, मायूस हो जाते हैं और निराशा से घिर जाते हैं ऐसे परिस्थिति में, हमे सोचना चाहिए कि यह आखरी इंटरव्यू नहीं है अतः पुनः तैयारी शुरू करें। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित ने छात्र छात्राओं को, हॉस्पिटल में आने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्लेसमेंट ऑफिसर पंकज अग्रवाल ने तथा आभार अछेंद्र सिंह कुशवाह प्रोग्राम ऑफीसर ने किया।



# कलेक्टर ने कृषि महाविद्यालय का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं



**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

पन्ना । ग्राम लक्ष्मीपुर में कृषि महाविद्यालय की शुरूआत के लिए आवश्यक तैयारियां व कार्यवाही जारी है। जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान शैक्षणिक सत्र में लक्ष्मीपुर पैलेस के बाजू में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के पुराने भवन में महाविद्यालय के संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए संबधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए थे। जिला कलेक्टर द्वारा बुधवार को शाम महाविद्यालय भवन एवं परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही शेष कार्य तत्काल पूरा कराने के निर्देश भी दिए गए।कलेक्टर श्री मिश्र ने कहा कि भवन व परिसर में बीएससी (कृषि) पाठ्यक्रम की प्रथम सेमेस्टर की कक्षा संचालन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय सहित छात्र-छात्राओं के अध्ययन के दृष्टिगत सभी मूलभूत सुविधाओं के लिए समय सीमा में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। महाविद्यालय के नाम का बोर्ड लगवाने, गैर जरूरी पूर्व से निर्मित संरचनाओं को परिसर से हटवाने और नियमित रूप से बेहतर साफ-सफाई सहित भवन में लाइट टेस्टिंग के लिए कहा। कलेक्टर ने कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति से भी एकेडमिक गतिविधियों व प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की। साथ ही लक्ष्मीपुर पैलेस में करवाए गए कार्यों के संबंध में जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अलावा ग्राम पंचायत और आरईएस द्वारा भी आवश्यक कार्य कराए जाएं। इस दौरान एसडीएम एस.एन. दर्रो सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# प्रतिवर्ष की भांति सदर विधायक ने सेवा वर्ष-2022 का रिपोर्ट कार्ड सेवा पुस्तिका- 2022 का लोकार्पण कर किया जारी

**प्रेस-वार्ता का आयोजन कर बताया हेमंत सरकार से त्रस्त जनता के हित में संघर्ष के साथ विकास को गति और जनसेवा को प्रगति देने का किया भरसक प्रयास**

**जनता के सुख- दु:ख में सहभागी बनने के साथ सदन में शत- प्रतिशत दर्ज करायी उपस्थिति**

## जनसेवा और विकास आगे भी रहेगी प्राथमिकता–मनीष जायसवाल

**स्टेट ब्यूरो झारखण्ड–आनन्द शाही**

हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बुधवार को हजारीबाग शहर के हुडहुडू स्थित निमंत्रण पैलेस सभागार में प्रति वर्ष की भांति अपने बतौर विधायक कार्यकाल की 8 वर्ष पूरे होने और बतौर दूसरे कार्यकाल के सफलतम 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में सेवा वर्ष-2022 का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने प्रेस- वार्ता का आयोजन कर और सेवा पुस्तिका -2022 का लोकार्पण कर इसकी पूरी जानकारी जनता तक पहुंचाने की सकारात्मक पहल की ।विधायक मनीष जायसवाल ने सेवा वर्ष- 2022 में किए गए कार्यों का विस्तारपूर्वक ब्यौरा प्रस्तुत किया। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की साल की शुरूआत कोरोना के जंग के साथ हुई और उसके बाद से जनहित में संघर्षों का सफ़र जारी रहा जो अबतक निरंतर जारी है। वर्तमान हेमंत सरकार की कुव्यवस्था से जूझते हुए जनता के हित में संघर्ष के साथ क्षेत्र की विकास को दिया गति और जनसेवा को प्रगति देने का कार्य किया। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की बिजली की व्यापक कुव्यवस्था के लिए किया जनांदोलन, रामनवमी- सरहुल जुलूस की अनुमति के लिए किया संघर्ष, स्व. रूपेश पांडेय और स्व.अंकिता सिंह के लिए मांगा जस्टिस, जरूरतमंदों की सेवा में उनके मध्य रहें समर्पित, हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी को कोरोना काल के बाद परंपरागत तरीके से पूरे उत्साह और उमंग से मनाने के लिए अखाड़ाधारियों के बीच झंडा, लाठी और तलवार किया भेंट, किसानों के दर्द और सूबे को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग किसान वेश में सदन पहुंचकर उठाया मामला, सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए सावन में क्षेत्र के शिवालयों में कराया रुद्राभिषेक, कई मंदिरों के जीर्णोद्धार में किया सहयोग, हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर पंहुचाया तिरंगा- दिलों में जगाई राष्ट्रभक्ति, नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को अपने विधानसभा से बाहर ले जाकर फुटबॉल का बढ़ाया रोमांच- खिलाड़ियों का किया सम्मान, हजारीबाग रेलवे स्टेशन को देश के प्रमुख स्टेशनों से जोड़ने की और हजारीबाग में लंबित हवाई अड्डे के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने की उठाई पुरजोर मांग, छठ महापर्व के ज़रूरतमंद महाव्रतियों के लिए पूजन साड़ी और क्षेत्र की जरूरतमंद बहन/ बेटियों के अरमान को पुरा करते हुए उनकी शादियों के अवसर पर उपलब्ध कराया आकर्षक लहंगा, विकास को दिया गति और जनसेवा को प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ पर्यटन के विकास और हजारीबाग को उत्कृष्ट बनाने का सपना मन में संजोए सड़क से लेकर सदन तक मुखर रहें। सदन पटल पर जनता की आवाज बनकर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करायी। जनता के हरेक दुःख-दर्द में सहभागी बनकर उनके बीच खड़ा रहा ।विधायक मनीष जायसवाल ने इस दौरान झारखंड की गठबंधन सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह विफल है। उन्होंने जनता से किए वादों को अब तक नहीं निभाया है। यह सरकार वोट बैंक की तुष्टीकरण और सरकार के नुमाइंदे सिर्फ़ अपने झोली भरने में मस्त हैं। इस सरकार के कार्यकाल में उग्रवादी फिर सक्रिय हो गए हैं। है। ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग चल रहा है और अधिकारी पूरी तरह मनमानी कर रहे हैं। लॉ एंड आर्डर ध्वस्त है और जनता त्रस्त हैं। कोरोना काल के बाद हजारीबाग में चुंगी वसूली शुरू किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड की जनता इस गठबंधन की सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी । विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जनसेवा और विकास आगे भी उनकी प्राथमिकता रहेगी लेकिन मानवीय संवेदना से जुड़े हर एक मुद्दे पर बतौर हजारीबाग का बेटा और भाई बनकर गंभीरता से कार्य करेंगे। जब भी जनता को जरूरत पड़ेगी मनीष जायसवाल बेटा और भाई बनकर जनता के बीच रहेगा और जन समस्याओं के निराकरण के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्षरत रहेगा। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की

उम्मीद है जनता के विश्वास पर ऐसे ही खरा उतरते हुए साल 2023 में भी जनकल्याण और महत्वाकांक्षी योजनाओं का सौगात क्षेत्रवासियों को देने और अबतक के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हो पाऊंगा ।**मौके पर विशेषरुप से ये रहें मौजूद**-भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास सिंहा, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नवीन रंजन दुबे, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेणुका कुमारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश तिग्गा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन गुप्ता, विवेक बरियार, सदर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र कुशवाहा, रणधीर पांडेय, कटकमसांडी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, रीतलाल यादव, कटकमदाग मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, दारु मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, सदर विधनसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, नगर विधायक प्रतिनिधि आशीष सोनी, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, दारु विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, खेलकूद विभाग के विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी, कृषि एवं पीडीएस विभाग के विधायक प्रतिनिधि इन्द्रनारायण कुशवाहा, मत्स्य, कल्याण और पशुपालन विभाग के विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, महिला विधायक प्रतिनिधि अन्नू लाल, ज्योत्सना देवी, लीलावती देवी, पूनम चौधरी, सोनी देवी, बिजुल देवी, सोशल मीडिया प्रभारी अमित सिन्हा, कार्यालय प्रभारी विशेषांक वर्मा, भाजपा नेता अनेश्वर प्रसाद,मुक्तिधाम सेवा संस्थान नीरज पासवान, दिलीप गोप, जयप्रकाश, तिलक यादव, अजय पासवान, खुशबू देवी, राहुल कुमार उर्फ़ कन्नू , रिंकू



## बरमान घाट से निकलेगी छठवी संकल्प कावड़ पद



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कैबिनेट मंत्री राहुल सिंह अध्यक्ष के द्वारा छठवीं संकल्प कावड़ पदयात्रा 21 जनवरी मोनी अमावस्या दिन शनिवार से प्रारंभ की जा रही है। जिसमें बरमान घाट से मां नर्मदा जी का पूजन-अर्चन कर व वहां से जल भरकर निकलेगी जो छठवें दिन बसंत पंचमी के दिन देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर पहुंचेगी। इसके बाद भगवान भोलेनाथ जी का जलाभिषेक किया जाएगा। अतः उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह है कि यात्रा में सहभागी बनकर, मां नर्मदा जी एवं भोलेनाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## विकलांग खिलावन देवांगन को व्हीलचेयर मिलने पर विकलांग में खुशी की लहर

संवाददाता हेमचंद नागेश

**गरियाबंद** यशवंत कुमार यादव के अथक प्रयास से विकलांग खि लावन देवांगन/ पिता लच्छन देवांगन ग्राम पंचायत + पोस्ट धवलपुर तह +जिला गरियाबंद को नया व्हीलचेयर मिला जिससे विकलांग मे खुशी की लहर है ज्ञात हो कि विकलांग खीलावन देवांगन पैर से 80/ विकलांग है उनके पास व्हीलचेयर नही होने के कारण उनको उनकी दैनिक जीवन मे आने जाने मे बहुत परेशानी होती थी इसकी जानकारी विकलांग द्वारा युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव एव वैद्य राज संघ जिला सचिव एंव मंगधा यादव समाज जिला सह सचिव एव कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार



ब्लाक अध्यक्ष गरियाबंद यशवंत कुमार यादव को दिया उसके बाद यादव ने इस समस्या की जानकारी समाज कल्याण उप संचालक गरियाबंद दोनर प्रसाद ठाकुर सर को दीया उसके बाद आज दिन बुधवार को विकलांग को नया व्हीलचेयर प्रदान किया गया जिससे विकलांग मे बहुत खुशी की लहर है जिसमे आज प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष + पंच मोहदा नुतन मरकाम युवा कांग्रेस कार्यकर्ता विष्णु नेताम भूपेन्द्र निषाद बबलू दीवान बाबूलाल यादव और विकलांग खिलावन देवांगन ने युवा कांग्रेस ग्रुप का आभार व्यक्त किया है और यशवंत कुमार यादव ने समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया है

## समिति का समाज की कार्यकारिणी गठित,देवेंद्र पुरेना बने जिलाउपाध्यक्ष



संवाददाता हेमचंद नागेश

**देवभोग**-सतनामी समाज जिला कार्यकारिणी समिति का गठन कर पदाधिकारियों का चयन किया गया। सतनामी समाज गरियाबंद में आयोजित बैठक में मैनपुर,देवभोग,राजिम,छुरा फिंगेस्वर के इकाईयों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस समिति के गठन के बाद सतनामी समाज के जिलाउपाध्यक्ष देवेंद्र पुरेना ने पदभार ग्रहण कर समाज के प्रति सच्ची निष्ठा रखते हुए समाज की सेवा व उत्थान के लिए कार्य करने की शपथ ली।

## थनरा गौशाला में भूख प्यासे गायें तोड़ रही दम

**हरिओम चतुर्वेदी। पुष्पांजलि टुडे न्यूज़।**

दिनारा क्षेत्र में बनी गौशालाओं की स्थिति नाजुक काफी नाजुक हो गई है यहां पर जानवरों की देखरेख अच्छी तरह ना होने से आए दिन गाय मरती जा लापरवाही कर्मचारियों की वजह से गायों की स्थिति नाजुक होती जा रही है और आए दिन गायों को





होती जा रही है आए दिन गाय वहां पर दम तोड़ रही हैं उनकी खबर लेने वाला कोई नहीं है ! आपको बता दें कि जहां गौशाला के नाम पर सरकार द्वारा लाखों खर्च किए जा रहे हैं वहीं गायों की स्थिति देखकर आप दंग रह जाएंगे ! करेरा क्षेत्र के अंतर्गत थनरा गांव में कांग्रेस की सरकार में लाखों खर्च कर गोवंश की व्यवस्थाओं को लेकर थनरा मे गोकुलधाम गौशाला का बर्ष 2021 मे निर्माण किया गया था ! वही इसके विपरीत गौशाला की स्थिति रही हैं और उन गायों को देखकर लगता है केवल रिक्त स्थानों की पूर्ति की जा रही है भूख प्यास से गायों की मौतों से लगता है कि किस प्रकार से यहां गाय सेवा की जा रही है ! देखा जाए तो यहां गायों की सुध लेने वाला कोई नहीं है ! जिससे धीरे-धीरे गाये अपने प्राण त्याग देती हैं ! गौशाला में भूख प्यास से 5 गायों की मौत के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप गया है ! भले सरकार द्वारा गौशाला के लिए काफी व्यवस्थाएं दी गई हूं वही अपना प्राण त्यागना पड़ रहा है अब देखना है उच्च अधिकारी क्या थनरा गांव में स्थित गौशाला पंख नजर उठाते हैं या राम भरोसे ही चलती रहेगी यहां की गौशाला ! और लाचार और असहाय गाय अपना प्राण त्याग की रहेंगी

मौके पर पहुंचे जनपद सीईओ गुप्ता ।

गौशाला मौके पर पहुंचकर गुप्ता ने पूरी जानकारी ली कहा कि मैं जल्दी से जल्दी गौशाला की व्यवस्था को ठीक करवाता हूं

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 21 जनवरी को होने वाले जिला सम्मेलन छात्र उद्घोष का पोस्टर विमोचन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-शिवपुरी के कमलागंज स्थित शिवपुरी कार्यालय पर किया गया,इसमे मुख्य रूप से प्रांत उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा व विभाग संगठन मंत्री उपेंद्र सिंह तोमर उपस्थित रहे विभाग संयोजक आदित्य पाठक ने बताया कि विद्यार्थी परिषद द्वारा 21 जनवरी को गांधी पार्क मैदान में जिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है7 मध्य भारत प्रांत के प्रत्येक जिले में जिला सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं7 शिवपुरी जिले में होने वाले जिला सम्मेलन में पूरे जिले भर से 2500 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे7 जिला सम्मेलन का उद्घाटन गांधी पार्क मैदान में होगा,उद्घाटन के पश्चात शिवपुरी की वर्तमान शैक्षणिक व्यवस्था व शिवपुरी जिले के वर्तमान परिदृश्य पर दो प्रस्ताव भी इस जिला सम्मेलन में पारित किए जाएंगे7 यह प्रस्ताव विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे जिले भर में सर्वे करके बनाए जाएंगे7 इन प्रस्तावों के पारित होने के बाद शिवपुरी नगर में शोभायात्रा भी निकाली जाएगी 7 शोभा यात्रा समापन माधव चौक पर खुलामंच कार्यक्रम के साथ होगा 7 झलक देखने को मिलेगी7 इस पोस्टर विमोचन मे विभाग छात्रा प्रमुख ऐश्वर्या शर्मा, दीप ओझा,




इस खुला मंच कार्यक्रम में शिक्षा जगत के तथा जिले के विभिन्न विषयों पर जिलेभर से आए छात्र नेताओं के भाषण होंगे7 इस जिला सम्मेलन में विद्यार्थी परिषद के अधिवेशनों की रोहन पाल, इशू शर्मा, रमन राठौर, अविनाश समाधिया, दामिनी यादव, उत्तम नेवार, सानिध्य जैन, देव शर्मा, अनिरुध गोस्वामी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## दीनदयाल रसोई पर बांटी गई खिचड़ी

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे




**शिवपुरी**-दीनदयाल रसोई पुराने बस स्टैंड शिवपुरी पर सर्दियों के मौसम में भोजन थाली के अतिरिक्त खिचड़ी का निशुल्क वितरण किया जा रहा है दीनदयाल रसोई पर नेकी की दीवार भी संचालित है जहां शहर के नागरिकों द्वारा अपने सामान कपड़े आदि को नेकी की दीवार पर रख दिया जाता है जिसको जरूरतमंद अपने उपयोग के लिए ले जाता है यह व्यवस्था पूर्णता निशुल्क है दीनदयाल रसोई एवं नेकी की दीवार का संचालन चित्रांश शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति जिला शिवपुरी के द्वारा संचालित किया जा रहा है।

## स्वरोजगार हेतु खादी और ग्रामोद्योग आयोग भोपाल द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन शिवपुरी 10 जनवरी 2023 को खादी ग्राम उद्योग भोपाल द्वारा आईटीआई शिवपुरी में स्वरोजगार हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जागरूकता शिविर में खादी ग्रामोद्योग आयोग भोपाल के प्रतिनिधि सुंदर पाल सिंह ने अवगत कराया कि विनिर्माण उद्योग के लिए अधिकतम 5000000 एवं सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख तक बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किए जाते हैं जिस पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा परियोजना लागत पर 15 से 35ऋ तक अनुदान दिया जाता है साथ ही उपस्थित छात्रों एवं अन्य




आगंतुकों को योजना से संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई कार्यक्रम में मध्य प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड शिवपुरी से बीरबल शाक्य एवं अनिल पाराशर जिला उद्योग केंद्र से योगेंद्र दनोरिया द्वारा भी योजना संबंधी जानकारी दी गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर उपस्थित रहे सेवानिवृत्त उपसंचालक श्री केशव सिंह राजपूत जी ने भी छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री एनके मंदसौर वाले प्राचार्य आईटीआई शिवपुरी ने भी छात्रों को अपनी तकनीकी शिक्षा पूर्ण कर अधिक से अधिक स्वरोजगार प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जागरूकता शिविर में पिछड़ा वर्ग विभाग शिवपुरी से अनिल राय ने भी अपने विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी कार्यक्रम आयोजन में अजय श्रीवास्तव चित्रांश शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति जिला शिवपुरी का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम में संचालन श्री दीपक गुप्ता प्रशिक्षक आईटीआई के द्वारा किया गया

## आशीष गुर्जर पन: फिर बने गोहद ब्लॉक अध्यक्ष



पुष्पांजलि टुडे

**गोहद।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह की अनुशंसा एवं विधायक मेवाराम जाटव व जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह की सहमति से आशीष गुर्जर को पुनः ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोहद का अध्यक्ष बनाया गया। गुर्जर ने गोहद ब्लॉक अध्यक्ष पद पर फिर से मनोनीत होने पर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो जवाबदारी सौंपी गई है उसका मैं पूर्ण निष्ठा से पालन करूंगा और मिशन 2023 मैं कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करूंगा। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त किया जिसमें प्रमुख रुप से कार्यकारी अध्यक्ष गणेशराम शर्मा, नगर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार देशलेहरा, कैलाश माहौर, रमजानी खान, महेश कौशल, तहसील शाह, राजेन्द्र परिहार, ओमी माहौर, इलियास खान, बॉबी जर्मन, प्रमोद शुक्ला, रामजी गुर्जर, पिंकी उच्चाडिया, सुजान गुर्जर, साकिर अली खान, कैलाश जाटव, दीपक श्रीवास्तव, लालउद्दीन काजी, देवेंद्र पाठक, रामहेत जाटव, सरोज बाल्मीक, डॉ. शिवचरन जयंत, राधामोहन दीक्षित, बबलू बरैया, बल्लू खान, रवि कुशवाह आदि ने व्यक्त किया।

## हीरोइनों का अंग प्रदर्शन एक सामाजिक दूषण



अच्छी फ़िल्में समाज को आईना दिखाती है, संदेश देती है, प्रेरणा देती है। फ़िल्में हमारी ज़िंदगी का हिस्सा होती है, जिसे समाज का हर वर्ग देखता है। फ़िल्मों में दिखाई गई हर चीज़ जन मानस पर असर करती है, चाहे अच्छी हो या बुरी। आज के ज़माने में फ़िल्म मैकर्स ने सारी हदे पार कर दी है। आजकल फ़िल्मों में जिस तरह से हीरोइनें अंग प्रदर्शन कर रही है इसके दुष्परिणाम किसीने सोचे भी है? नाम मात्र के कपड़े पहनकर जिस तरह कामुकता सभर स्टेप्स दिखाए जाते है ऐसी हरकत वहशि मानसिकता वाले लोगों के दिमाग में उन्माद और उत्तेजना पैदा करती है और वही लोग अपनी हवस का शमन करने के लिए मौके ढूँढते रहते है। जहाँ अकेली बच्ची देखी वहाँ मुँह मार लेते है। और अपनी चंद पलों की वासना बुझाने के लिए किसीकी ज़िंदगी बर्बाद कर देते है। आए दिन समाज में बच्चियों के साथ घट रही दुष्कर्मों की घटनाएँ इसी मानसिकता का परिणाम है। कोई भी सेलिब्रिटी या हीरोइन की समाज के प्रति एक जिम्मेदारी होती है, फ़र्ज़ होता है कि वो अपने रहन-सहन से और फ़िल्मों में निभा रही किरदार से समाज को कोई अच्छा संदेश दे। या उनका आचरण ऐसा होना चाहिए कि उनके फ़ेन फोलौअर्स पर सकारात्मक प्रभाव ड़ाल सकें। बहुत सारी बच्चियाँ उन्हें अपना रोलमॉडेल समझती है, उनके जैसी बनना चाहती है। ये आजकल की हीरोइनें क्या ख़ाक़ किसीकी प्रेरणा बनेगी जो खुद अपने चरित्र से गिरी हुई है। पैसों के लिए खुद को किस हद तक गिरा लेती है।दीपिका पादुकोण जो एक शादीशुदा लड़की है वो जिस तरह के कपड़े पहनकर और घटिया डांस करके खुद को प्रेज़न्ट कर रही है! क्या वह अपने परिवार वालों के साथ, माता-पिता और सास-ससुर के साथ बैठकर वो फ़िल्म देखने में सहजता महसूस करती होगी? अगर ऐक्टिंग में दम होता तो कपड़े उतारने की जरूरत ही नहीं होती। कोई माने या न मानें हीरोइनों की कामुक हरकतों की कीमत मासूम बच्चियों को चुकानी पड़ती है, कहीं न कहीं ये हकीकत है। दूसरी उर्फ़ी जावेद जो हर रोज़ अतरंगी ड्रेसिंग में सड़कों पर खड़ी रहकर अंग प्रदर्शन करके पब्लिक का ध्यानाकर्षित कर रही है और खुद की बेइज्जती अपने ही हाथों करवा रही है। ज़ाहिर सी बात है उसे देखकर आवारा लड़कों के दिमाग में गंदे विचार आएंगे ही। अगर सच में सेंसर बोर्ड जैसी कोई चीज़ है तो ऐसी नग्नता पर कैंची चलाने की जरूरत है जो समाज के लिए खतरा बन रही हो। हर चीज़ का विरोध करने वाले समाज के ठेकेदारों को फ़िल्मों और वेब सीरिज़ों में परोसे जाने वाली गालियाँ और नग्नता का पूरज़ोर विरोध करने की जरूरत है। सेंसर बोर्ड को एक लिमिट तय कर देनी चाहिए। जहाँ सीन के मुताबिक जरूरत हो वहाँ हल्की छूट देनी चाहिए। आजकल तो जैसे हीरोइन का अंग प्रदर्शन फ़िल्म को हीट बनाने का फार्मूला बन गया है।सेंसर बोर्ड का मानों कुछ काम ही नहीं रह गया। न फिल्में परिवार एक साथ बैठकर देख सकता है, न वेब सीरिज़। बेवजह गालियाँ, नग्नता और खून खराबा वाले दृश्य ड़ालकर दर्शकों को आकर्षित कर रहे है, बाकी न स्टोरी दमदार होती है, न डायरेक्शन। हीरोइनें महिलाओं की गरिमा को कलंकित कर रही है। आजकल सोशल मीडिया पर ये जो बॉयकोट का चलन चल रहा है बिलकुल वाजिब है। समाज में गंदगी फैलाने वालों का बहिष्कार ही समाज को साफ़ सुथरा बनाएगा।

## 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक सड़क सप्ताह सुरक्षा का आयोजन मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा किया जा रहा है

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना



**पिछोर,** ।पिछोर थाना पुलिस द्वारा 11 जनवरी 2023 से 17 जनवरी 2023 तक सड़क सप्ताह सुरक्षा का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में थाना पिछोर पुलिस द्वारा आयोजन किया जा रहा है जिसमें बढ़ती रोड दुर्घटनाओं रोकने के लिए यातायात नियमों को पालन करने के लिए आम जनता को जागरूक किया जा रहा है इसी तारतम में आज पुलिस थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने छत्रसाल कॉलेज पिछोर जिला शिवपुरी में छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट लगाने, दो पहिया वाहन में दो सवारी से अधिक नहीं बिठालने , वाहन को ओवरटेक नहीं करने , तेज गति से वाहन नहीं चलाने , नशा कर वाहन नहीं चलाने व नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने नहीं देने की शपथ दिलाई व छात्र छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस वाहन का बीमा व रजिस्ट्रेशन साथ में रखने की जानकारी दी इस दौरान थाना पिछोर के प्रधान आरक्षक संतोष यादव आरक्षक नंदकिशोर व कॉलेज का स्टाफ उपस्थित रहे ।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा किया गया यातायात सप्ताह का शुभारंभ

### यातायत रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा आज दिनांक को यातायात रथ को हरी झंडी दिखाकर यातायत सप्ताह का सुभारंभ किया है, यातायत सप्ताह के दौरान यातायत संबंधी नियमों का पालन कराने एवं सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिये लोगों को जागरुक किया जाएगा एवं बैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी । लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात स?क सुरक्षा सप्ताह दिनांक 11/01/23 से 17/01/23 तक मनाया जा रहा है । आज सड़क सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन एक रैली निकाली गई जो शहर के मुख्य चौराहों पर जाकर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया । यह रैली अस्पताल चौक, सब्जी मंडी, गांधी चौक, होते हुये माधव चौक पर पहुंची । इसके साथ ही यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव द्वारा




हैप्पी डेज स्कूल एवं सेंट चार्ल्स स्कूल में जाकर बस चालको एवं परिचालकों से चर्चा की। उन्हें सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही बसों के दस्तावेज एवं बसों का निरीक्षण भी किया। खास बात यह रही की शिवपुरी में पहली बार किसी स्कूल ने स्कूली बसों पर महिला परिचालकों को नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार किसी भी बस में जिसमें बच्चियां हैं उसमें महिला टीचर या महिला परिचालक का होना अनिवार्य है इसी को ध्यान में रखते हुए हैप्पी डेज स्कूल ने अपनी बसों में महिला परिचालकों की नियुक्ति की है यह बच्चियों की सुरक्षा के हिसाब से बहुत ही सराहनीय कदम है। शिवपुरी पुलिस द्वारा सभी स्कूलों से इस संबंध में चर्चा कर महिला परिचालकों की नियुक्ति करने हेतु बातचीत करेंगी। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान प्रतिदिन भिन्न भिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जावेगा एवं नियमों का उलंघन करने पर चालानी कार्यवाही की जावेगी ।

इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव, रक्षित निरीक्षक भारत सिंह यादव, सूबेदार रणबीर सिंह यादव, सूबेदार भानूप्रदाप उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस : एसडीएम शुक्ला

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर तहसील करैरा में बैठक संपन्न

**पुस्पांजलि टुडे विजय सिंह परिहार रिपोट**

**शिवपुरी,** गणतंत्र दिवस समारोह 2023 गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस संबंध में आज बुधवार को तहसील सभागार करेरा में एसडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में अनेक निर्णय लिए गए। एसडीएम श्री शुक्ला ने बताया कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय करेरा के प्रांगण में प्रातः 9 बजे आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों पर ध्वजारोहण उपरांत मुख्य कार्यक्रम में स्टाफ सहित सम्मिलित होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी विद्यालयों, पंचायत भवनों सहित अन्य शासकीय भवनों पर नियमानुसार ध्वजारोहण किया जाएगा तथा शासकीय भवनों पर रोशनी भी की जाएगी। छोटे बच्चों को प्रभात फेरी में सम्मिलित ना किया जाए एवं प्लास्टिक के झंडो को उपयोग में ना लाया जाए। ध्वज संहिता का पालन करते हुए सभी संस्थाओं पर ध्वजारोहण किया जाएगा। एसडीएम श्री शुक्ला ने सभी विभागों को प्रथक-प्रथक दायित्व सौंपते हुए निर्णय लिया कि इस वर्ष 6 विभागों द्वारा प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए झांकियां भी निकाली जाएंगी। नगर पंचायत द्वारा ग्राउंड में मुरम डलवाकर समतलीकरण कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं। पूर्व की भांति बैठक व्यवस्था, टेंट, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित सभी व्यवस्थाएं संचालन हेतु जिम्मेदारी निहित की है। शहर के प्रमुख मार्गों में साफ-सफाई, मार्गों में गड्ढों का भराव आदि की व्यवस्था हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी करेरा को सौंपी है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या एवं गणतंत्र दिवस के दिन विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के भी निर्देश विभाग को दिए हैं। मुख्य कार्यक्रम में प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की है। एसडीएम श्री शुक्ला ने इस बार शहीद हुए सैनिकों की पत्नियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया है।बैठक में तहसीलदार अजय परसेडिया, नायब तहसीलदार दिनेश चौरसिया, परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रियंका बुनकर, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम.एम.गौतम, बीईओ चंद्रभान सिंह सोलंकी, बीआरसी विनोद तिवारी, प्राचार्य कन्या विद्यालय अरविंद त्रिपाठी, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय अरविंद यादव, प्राचार्य मॉडल स्कूल मुरारी गुप्ता, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी तारा चंद धूलिया, वाय एस यादव, भगवत सक्सेना सहित समस्त अधिकारीगण जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारगण मौजूद थे।

# कैलारस-सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर पुलिस ने निकाली बाईक रैली

## वाहन चालकों को दी समझाइस



**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** यातायात नियमों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए 11 जनवरी से 17 जनवरी तक चलने बाले सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान की शुरुआत कैलारस पुलिस थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह द्वारा 11 जनवरी प्रथम दिन बाईक रैली निकाल कर की गई थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह उप निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत आम जन व वाहन चालकों को सड़क पर चलने और सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रथम दिन कैलारस पुलिस दुबारा हेलमेट लगाकर शहर में बाईक रैली निकाल कर समझाइश दी की आप सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करे और अन्य लोगो के नियमो का पालन कराए कभी भी वाहन चालक शराब पीकर गाड़ी न चलाए दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के बाहन न चलाए चार पहिया बाहन चालक वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करे तेज गति से वाहन न चलाएं कभी भी बाहन को ओवर ट्रैक करने का प्रयास ना करें बहनों पर तेज आवाज में साउंड स्पीकर का प्रयोग ना करें बाहन चलाते समय मोबाइल से बात ना करें एवं बाहन चलाते समय कानों में मोबाइल की लीड लगाकर बाहन न चलाये बही रास्ते में एम्बुलेंस निकलने के लिये रास्ता जरूर दे बही बहनों में ओवर लोड माल न भरे नही तो बहनों का पलटने का डर रहता हैं बही स?क पर बाहन चलाते समय स?क लगे बोर्डों पर विशेष ध्यान दे क्यो की उनके पास स्कूल, हॉस्पिटल, एव कुछ भी हो सकता हैं बही जल्दी देर भली खुद सुरक्षित रहे औरो को भी सुरक्षित रहने दे यह शंदेश आमजन एव बाहन चालको को दिया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत हर दिन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा इस दौरान बिना हेलमेट बिना सुरक्षा बेल्ट शराब पीकर बाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी बही सभी बाहन चालक अपने बाहन के कागज एव ड्राइविंग लाइसेंस एव अन्य दस्तावेज आवश्य ले कर चले उपनिरीक्षक वीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक देव सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक पंचम सिंह, श्यामवीर सिंह, संतोष कटारे, आरक्षक देवेंद्र, महेन्द, ब्रजराज, सहित अन्य स्टाप मौजूद रहा

## कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

# कलेक्टर ने सुमावली, छैरा और जौरा की स्वास्थ्य सुविधाओं का किया औचक निरीक्षण

**मुरैना से गौरब शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**मुरैना** 1/कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने जौरा विकासखण्ड के अन्तर्गत बुधवार को सुमावली, छैरा, जौरा की स्वास्थ्य सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टाफ सहित एएनएम, डॉक्टर्स, दवाईयां, प्रतिदिन होने वाली डिलेवरी, मलेरिया की स्लाइड, कोविड के सैम्पल कितने लिये गये थे आदि के संबंध में विस्तार से संबंधित स्टाफ से पूछताछ की। भ्रमण के समय एसडीएम जौरा श्री अरविन्द सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सर्वप्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुमावली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर दो स्टाफ नर्स, एएनएम, एक डॉक्टर्स उपस्थित मिला। कलेक्टर ने मैटरनिटी वार्ड, लेवर रूम, स्टाफ के अलावा अन्य भर्ती वार्डो का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि दिसम्बर माह में कितनी डिलेवरी हुई है और कितने रैफर किये गये है। मौके पर डॉक्टर ने बताया कि नवम्बर माह में 7 डिलेवरी हुई है, 6 रैफर किये गये। दिसम्बर माह में 56 डिलेवरी हुई है। कलेक्टर ने पिछले कोविड के दौरान कितने टेस्ट किये गये, उसकी जानकारी भी डॉक्टरों से ली। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि सुमावली में तहसीलदार कम से कम दो दिन बैठें, इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से बैठने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र छैरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां डिलेवरी पॉइंट नहीं था, किन्तु मौके पर सीएचओ और स्टाफ नर्स मौजूद थे। उन्होंने प्रतिदिन होने वाली ओपीडी के बारे में जानकारी ली। सीएचओ ने बताया कि 10 से 11 का प्रतिदिन की ओपीडी का आंक?ा निकलता है। यहां मलेरिया, हेपेटाइटिस, गर्भवती महिलाओं की निगेटिव, पॉजिटिव तथा वैक्सीन, एलटीडी की जानकारी से प्रेरित घर-घर जाकर महिलाओं को किया जाता है। यहां पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध है। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जौरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लेवर रूम, डिलेवरी पॉइंट के बारे में डॉक्टर से चर्चा की। डॉक्टर ने बताया कि दिसम्बर माह में 279 डिलेवरी की गई है, सीजर ऑपरेशन जौरा में नहीं किये जाते है। कलेक्टर ने साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। उन्होंने एनव्हीएसबी की जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर टॉयलेट, किचिन का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिये कि कई स्कूलों का मैंने निरीक्षण किया है, वहां खाना लकr?यों से बनाया जाता है। रसोई गैस सिलेण्डर का उपयोग कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बीएमओ जौरा व डॉक्टर विनिता सिंह को निर्देश दिये कि हर माह दो-दो ब्लड कैम्प लगाये जायें।

**कलेक्टर ने जौरा में एनआरसी केन्द्र का किया निरीक्षण** -कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जौरा के परिसर में चल रहे एनआरसी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 10 बच्चे भर्ती मिले। कलेक्टर ने भर्ती बच्चों की माताओं से खान-पान के बारे में विस्तार से चर्चा की और कहा कि पूरे समय रहकर बच्चों को स्वस्थ्य करके ले जायें।

# विदिशा की सना अली ने किया शहर का नाम रोशन इसरो में हुआ चयन

**भोपाल/विदिशा।** शहर के निकासा मोहल्ला निवासी श्री साजिद अली की पुत्री सना अली का सिलेक्शन इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन इसरो में टेक्निकल असिस्टेंट की पोस्ट पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से नगर का नाम रोशन हुआ है। साथ ही उनके माता पिता और पति बेहद गौरान्वित हैं।बचपन से ही मेधावी छात्रा रही सना अली एसएटीआई कॉलेज में अध्ययनरत रही। यहां से उन्होंने एम.टेक. किया। बचपन से ही सना अली को अंतरिक्ष के प्रति उत्कंठा थी। वह इस क्षेत्र में अनुसंधान कर देश की सेवा करना चाहती हैं।मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मी सना अली को अपने अध्ययन के दौरान कठिन संघर्ष का सामना करना पड़ा।पिता श्री साजिद अली एसएटीआई कॉलेज में ड्रायवर थे। बाद में वह लैब असिस्टेंट की पोस्ट पर रहे। आर्थिक तंगी को उन्होंने अपनी बेटी की पड़ाई में बाधा नहीं बनने दिया। उन्होंने लोन लेकर बेटी की शिक्षा पूर्ण कराई। ऐसा भी वक्त आया कि सना की माता जी को अपनी बेटी की पढ़ाई के लिए अपने गहने तक गिरवी रखने पड़े। सना ने खुद भी अपना व्यक्तिगत खर्च चलाने के लिए पढ़ाई के दौरान ही ट्यूशन कार्य भी किया।अपने अध्ययन के दौरान सना का सारा ध्यान लगनऔर जुनून के साथ पढ़ाई में रहा। उन्होंने अत्यंत सादगी पूर्ण जीवन व्यतीत कर अपने कैरियर पर ही सारा ध्यान लगाया।समाज के कई लोगों ने उनके माता-पिता से कहा कि इतना पढ़ा लिखा कर क्या करोगे। इसकी शादी कर दो। परंतु सना अली के पिता साजिद अली ने किसी की भी बात पर ध्यान ना दे कर कहा कि मेरी बेटी पढ़ लिख कर इस देश के काम आएगी और देश की सेवा करेगी। यही मेरी इच्छा है। शिक्षित परिवार में जन्मी सना अली को कभी भी धार्मिक कट्टरता का सामना नहीं करना पड़ा।पिछले वर्ष ही उनका विवाह ग्वालियर के इंजीनियर अकरम से हुआ है। अपने पति और ससुराल वालों का भी उन्हें भरपूर सहयोग मिला है।समाज में सभी के लिए सना का यह संदेश है कि अपनी बेटियों को खूब पढ़ने दे उनके सपनों को उड़ान भरने दें। वह चाहें तो आसमान क्या अंतरिक्ष मे भी अपनी उड़ान भर सकती हैं। वह इस देश का नाम रोशन करेगी तो कुल का नाम रोशन अपने आप ही होगा।सना अली का युवाओं को संदेश है कि असफलताओं से कभी घबराओ मत। अपने लक्ष्य पर कायम रहो। बार-बार फेलियर होने के उपरांत भी बिना विचलित हुए अपने लक्ष्य पर कायम रहो। सफलता एक दिन आपके कदम चूमेगी



सारा अली अपने पति के साथ

## नई तकनीकी से रूबरू हों किसान : डॉ शुक्ला

# राविसिंकृविवि के कुलपति ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** खेती बाडी में आज नित रोज नई तकनीकी आ रही हैं। कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि शोध संस्थानों द्वारा नवीनतम तकनीकियों का विकास किया जा रहा है। कृषि तकनीकी का लाभ किसानों तक पहुंचाने में कृषि विज्ञान केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। किसानों को चाहिए कि वह कृषि की नवीनतम तकनीकी से रूबरू हों जिससे खेती से मुनाफा कमाया जा सके। उक्त विचार राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलपति डॉ अरविंद कुमार शुक्ला द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र लहार के निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए गए।कुलपति डॉक्टर शुक्ला अपने एक दिवसीय दौरे पर कृषि विज्ञान केंद्र के निरीक्षण और भ्रमण पर आए हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों तक तकनीकी पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी कृषि विज्ञान केन्द्रों के ऊपर है। इसलिए केन्द्र के वैज्ञानिकों को नवीनतम कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी आदि तकनीकी को किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। किसानों तक तकनीकी पहुंचेगी और किसान अपनाएंगे तो निश्चित रूप से किसानों की आय में वृद्धि के साथ उन्हें अच्छा उत्पादन मिल सकेगा। आज का समय तकनीकी का युग है और तकनीकी के क्षेत्र में कृषि भी पीछे नहीं है।उन्होंने कहा कि किसान उन्नतशील बीजों, नवीनतम कृषि यंत्रों, ड्रोन तकनीकी, नैनो यूरिया आदि का समावेश अपनी खेती बाडी में करते हुए खेती को और अधिक उन्नत एवं लाभप्रद बना सकते हैं। किसानों को चाहिए कि वह नवीनतम तकनीकी का लाभ उठाने के लिए आगे आएं। खेती में जंगली एवं आवारा जानवरों से हो रहे नुकसान की समस्या से बचाव के लिए उन्होंने सुझाव दिया कि किसान अपने खेतों की मेडों पर चारों तरफ करौंदा तथा बांस के सघन वृक्ष लगाकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। इससे एक तरफ फसलों के नुकसान से बचाव होगा वहीं इससे आय का अतिरिक्त स्रोत भी खुलेगा।केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र के वैज्ञानिकों को केन्द्र के फार्म में मोटे धान की खेती करने, पानी तथा मिट्टी की जांच कराने, फल वृक्षों में बेर तथा ऑवला का वृक्षारोपण कराने, मडों पर करौंदा तथा बांस लगाने के सुझाव देते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ एसपी सिंह द्वारा उन्हें केन्द्र पर चल रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ एसपी सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह, डॉ करणवीर सिंह, डॉ रूपेंद्र कुमार, डॉ एनएस भदौरिया, डॉ बीपीएस रघुवंशी, निशांत प्रभाकर, प्रशांत पांडे, अभिषेक राठौर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




# उत्तर भारत में शीत लहर का कहर,आरेंज अलर्ट जारी,

उत्तर भारत में शीत लहर का कहर जारी है। मंगलबार सुबह से ही उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में ठंड की और बढ़ने की संभावना जताई है।इससे पहले देश के कई राज्यो में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया था।मौसम विभाग के अनुसार,बुधबार सुबह से शीत लहर चलेगी और बहुत घना कोहरा होगा। इसलिए विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है।आगामी दिनों मे ठिठुरन रहेगी। इसके बाद ठंड से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।आपको बता दे घना कोहरा होने के बीजीवल्टी कही कही शून्य रही, जिसके कारण वाहन रेगते नजर आये,हाड़ कपकपा देने वाली ठण्ड मे लोग अलाव जलाकर अपने आपको बचाते नजर आये,मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले रविवार से उत्तराखंड का मौसम लगातार करवट बदलेगा। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में कहीं-कहीं वर्षा एवं हल्की बर्फबारी होने की संभावना है, केदारनाथ धाम का तापमान अब भी माइनस दो डिग्री रिकार्ड किया गयद्ग

# बिजली आपूर्ति के लिए खराब डीपीओ को अधिकारी तत्काल बदलें अन्यथा आंदोलन होगा : नरेंद्र सिंह कुशवाह

## पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने जनता के साथ घेरा बिजली कार्यालय

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने क्षेत्रीय जनता के साथ क्षेत्र की बिजली समस्या को लेकर वाटर वर्क्स रोड स्थित कार्यालय का घेराव कर अधिकारियों को विद्युत व्यवस्था सुधारने एवं खराब डीपीओ को तत्काल बदलने के लिए चर्चा की और कहा किस समय का ध्यान रखते हुए तत्काल पढ़ती हुई शीतलहर से बचाव के लिए लोग काफी परेशान हैं। इसलिए बिजली की समस्या से जनता को पूर्ण रूप से निजात दिलाई जाए और उनके साथ अच्छा व्यवहार कर सूखी हुई डीपीओ को तत्काल रखा जाए।पूर्व श्री कुशवाह जनता के साथ नारेबाजी करते हुए विधुत मुख्यालय पहुंचे जहां काफी समय से बिजली की समस्या को सुना और उन्होंने भिंड शहर के वार्ड क्रमांक 23 चतुर्वेदी नगर गली नंबर 3 मैं 2 में से 6 दिन से खराब पड़ी डीपीओ को तत्काल बदल वाया। वहीं उन्होंने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर से तत्काल मोबाइल पर चर्चा कर एमपी भी की अधिकारियों की लापरवाही एवं बिजली समस्या के बारे में तत्काल चर्चा की। उन्होंने शहर में गहराई बिजली संकट को लेकर अधिकारियों को शहर वासियों के साथ बातचीत की बिजली कंपनी के दफ्तर का घेराव भी किया गया इस दौरान कंपनी के अधिकारी गायब हो गए और पूर्व विधायक जनता के साथ कार्यालय के समक्ष खड़े रहे, बाद में ऊर्जा मंत्री के पास शिकायत पहुंची कुछ बाद ही भिंड के ईई दीपक त्रिपाठी आये और उन्होंने जनता को आग्रह किया कि आपकी डीपी को तत्काल बदल दिया जाएगा। पूर्व विधायक श्री कुशवाह ने कहा कि शहर में फुके हुए तीन ट्रांसफॉर्मर को तत्काल कार्य कर डीपीओ को रखें ।अधिकारियों ने बताया कि कुछ ट्रांसफॉर्मरो को आज बदल देंगे और शेष ट्रांसफार्मर को भी तत्काल बदल दिया जाएगा । सर्दी के मौसम में बिजली की आपूर्ति के लिए जनता कई समय से मांग करती आ रही है लेकिन एमपीईओ की अधिकारियों की लापरवाही के कारण बिजली समस्या सुबह से शाम तक गोल रहती है और जनता परेशान होती रहती है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बिजली की आपूर्ति गरीब मजदूर किसानों उपभोक्ताओं एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को तत्काल मिले इसके लिए अधिकारी जनता के साथ अच्छा व्यवहार कर उनकी समस्याओं को सुनें।पूर्व विधायक श्री कुशवाह ने बिजली मंडल के अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण और शहरी अंचल में किसान बिजली के लिए काफी परेशान है उनकी तत्काल डीपीओ को रखा जाए जहां डीपी खराब पड़ी है उनको उतार कर दू सीडीपीओ को रखा जाए और भिंड शहर के प्रत्येक वार्ड में सर्वे कर जहां डीपीओ नहीं है उनको तत्काल अधिकारी बदले और जनता की समस्याओं पर ध्यान दें।



# रघुराज सिंह कंसाना कैबिनेट मंत्री एवं अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष मध्यप्रदेश शासन का मौ मंडल में हुआ स्वागत



**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

रघुराज सिंह कंसाना केविनट मंत्री दर्जा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष मध्यप्रदेश शासन भोपाल जी का मंडल मौ में प्रथम नगर आगमन पर स्वागत करता राजू मिश्रा मंडल महामंत्री महबूब खान पूर्व पार्षद सोमबीर शिवहरे मीडिया प्रभारी आगम जैन मंडल महामंत्री युवा मोर्चा रोहित तिवारी तिवारी राकेश कुशवाहा सुरेंद्र गुर्जर संजीव यादव जय वीर गुर्जर विशेष यादव मनोज प्रजापति विकास शर्मा विक्की जैन अनिल कुशवाह राजू कुशवाहा गोलू मिश्रा विवेक यादव उमेश यादव राघव यादव विनय शर्मा राहुल यादव रमाकांत यादव मोहन मलखान कुशवाहा अजय कुशवाह शैलू मिश्रा पवन मिश्रा तत्पश्चात रतवा ग्राम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सीताराम महाराज आश्रम पर अशोक सिंह यादव पटेल साहब पूर्व मंडी अध्यक्ष के यहां भागवत कथा मैं जाकर भागवत कथा का रसपान किया

# जरूरी हैं मॉनसून में बच्चों की इम्यूनिटी को किया जाए बूस्ट, ये आहार रहेंगे बेस्ट

मॉनसून के दिनों की शुरुआत हो चुकी हैं और बरसात ने वातावरण में ठंडक लाने का काम किया हैं। लेकिन इस सुहाने मौसम के साथ ही कई तरह की बीमारियों का भी आगमन होता है जिनसे बच्चो को सुरक्षित रख पाना एक बड़ी चुनौती होती हैं। इन दिनों में सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार की समस्या बढ़ने लगती हैं और बच्चों की इम्युनिटी कम होने की वजह से बच्चे जल्दी से इसकी चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों की इम्युनिटी को मजबूत बनाया जाए और बीमारियों से संरक्षण किया जाए। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे आहार की जानकारी देने जा रहे हैं जिनका सेवन बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करेगा। आइये जानते हैं इनके बारे में...



## आंवला

जुकाम और फ्लू के इलाज या इम्यूनिटी बढ़ाने के काम आता है आंवला। कई सालों से दवा के रूप में आंवले का सेवन किया जाता रहा है। आंवले में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है जो शरीर में कई इंफेक्शन और बीमारियों से लड़ने में मदद करने वाली सफेद रक्त कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ावा देता है। इसके अलावा आंवले में आयरन, कैल्शियम और कई अन्य तरह के खनिज पदार्थ मौजूद होते हैं। आप बच्चे को आंवले का जूस भी दे सकते हैं। 100 ग्राम आंवले में 600 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

## हरी पत्तेदार सब्जियां

पत्तागोभी, पालक, ब्रोकली और केल जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन ए, सी, के, कैल्शियम, आयरन, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इनके सेवन से संक्रमण से लड़ने और इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है। बच्चों के आहार में इनको जरूर शामिल करना चाहिए।

## खट्टे फल

जैसा कि खट्टे फल यानि सिट्रस फ्रूट्स विटामिन सी का भंडार होते हैं और विटामिन सी इम्यूनिटी बढ़ाने वाला तत्व माना जाता है। खासकर, गर्मियों में संतरा और नींबू जैसे खट्टे फलों का सेवन करने से शरीर में पानी की कमी होने का रिस्क भी कम होता है। गर्मियों में बच्चों को संतरा, नींबू, चकोतरा और कीवी जैसे विटामिन सी रिच फल खिलाएं। इसी तरह नींबू की शिकंजी, संतरे का जूस, लेमनेड जैसे ड्रिंक्स भी पिलाएं।

## दही

हेल्दी फूड होने के साथ-साथ दही एक हेल्दी प्रोबायोटिक भी है। यह गट की हेल्थ बेहतर रखता है जिससे भोजन से प्राप्त पोषण का भी फायदा शरीर को मिल सकता है। ये डाइजेशन सिस्टम के लिए भी अच्छा होता है। आप बच्चों को खाने के साथ दही देंगे, तो उनकी इम्यूनिटी अच्छी रहेगी। वहीं, इसमें विटामिन डी की भी मात्रा काफी अधिक होती है जो हड्डियों को मजबूत बनाने और शरीर की रोग-प्रतिरोधक शक्ति बढ़ानेवाला तत्व है। गर्मियों में बच्चों को नाश्ते और लंच में दही खिला सकते हैं। इसके अलावा उन्हें दही से बनी छाछ, श्रीखंड और लस्सी पीने के लिए भी दें।

## लहसुन

खाने का स्वाद बढ़ाने वाले लहसुन में एलिसिन नाम तत्व होता है जिसमें एंटीवायरल, एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। आज भी ग्रामीण इलाकों में लोग लहसुन को भूनकर खाते हैं, ताकि वे सर्दी या जुकाम से बचे रहें। इसे इम्यूनिटी बूस्ट करने वाला सुपरफूड भी माना जाता है। यह सफेद रक्त कोशिकाओं की रोग से लड़ने की प्रतिक्रिया को बढ़ाकर आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है।

## संतरा

संतरा इम्यूनिटी बढ़ाने का सबसे आसान तरीका है। संतरे के जूस से इम्यून सिस्टम को काफी मदद मिल सकती है क्योंकि इसमें कई तरह के विटामिन और पोषक तत्व मौजूद होते हैं। विटामिन सी कोशिकाओं को सुरक्षित रखकर और इम्यून कोशिकाओं के कार्य और उत्पादन को बढ़ावा देकर इम्यून कोशिकाओं को मजबूती प्रदान करता है। चूंकि, संतरे में विटामिन सी ज्यादा होता है इसलिए इससे इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है। एक 100 ग्राम संतरे में 42172 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

## हल्दी

औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी को लंबे समय से देसी इलाज के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। एंटीबैक्टीरियल, एंटीसेप्टिक व अन्य गुणों से युक्त हल्दी का सेवन करने की सलाह आयुर्वेद में भी दी गई है। रोजाना रात में सोने से पहले बच्चे को हल्दी वाला दूध जरूर पिलाएं। हल्दी इंफेक्शन से लड़ने का काम करती है और इसमें एंटी-इंफ्लामेट्री गुण होते हैं जो जुकाम और फ्लू से लड़ते हैं।

## ड्राई फ्रूट्स और सीड्स

आपको बता दें कि ड्राई फ्रूट्स में जिंक, आयरन, विटामिन- ई, ओमेगा 3 फैटी एसिड्स आदि भरपूर मात्रा में होते हैं, जो किसी भी तरह के इंफेक्शन को बढ़ने से रोकते हैं।

# बच्चों में भी बढ़ रहा है तनाव



आजकल स्कूल की पढ़ाई के साथ ही जारी प्रतिस्पर्धा का प्रभाव बच्चों पर भी पड़ा है और वे तनावग्रस्त होते जा रहे हैं। एक नये अध्ययन के अनुसार अगर आपका बच्चा स्कूल ना जाने के बहाने बनाता है और सिर्फ घर पर बैठना चाहता है, तो ये संभव है कि आपका बच्चा तनाव से परेशान हो।

वहीं अगर आपके बच्चे की स्कूल में उपस्थिति बहुत कम है तो इसका कारण तनाव भी हो सकता है। इससे आप जान सकते हैं कि किस प्रकार से तनाव, बच्चों की स्कूल में उपस्थिति से जुड़ा हुआ है।

इन कारणों से स्कूल नहीं जाना चाहते बच्चे। बीमारी के चलते छुट्टी, बिना किसी कारण के छुट्टी, स्कूल जाने से मना करना। अब शोधकर्ताओं को पता चला कि बिना किसी कारण के जो छुट्टी ली जाती है, उसमें सबसे बड़ा कारण तनाव होता है।

तनाव बच्चों की पढ़ाई के साथ उनकी सामाजिक और आर्थिक विकास में भी बाधा बन सकता है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार हैं %हमे शुरुआती चरण में ही इस समस्या का पता चल गया है, अब हमारे को जल्द से जल्द कुछ समाधान निकालना चाहिए जिससे इन मासूम बच्चों की जिंदगी बेहतर हो सके।

बच्चों में इन लक्षण को समझना कई बार मुश्किल हो सकता है। इसलिए कई बार बच्चे शिकायत कर सकते हैं कि उनको पेट या सर में दर्द है। ऐसी परिस्थिति में स्कूल के स्टाफ को इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि ये संभव है कि इन लक्षणों का कारण तनाव हो.

हमे ये भी समझने की आवश्यकता है कि मामूली तनाव कोई बीमारी नहीं होती। थोड़ा तनाव तो किसी को भी हो सकता है लेकिन अगर ये तनाव आपके बच्चे की जिंदगी पर नकारात्मक असर डाल रहा है और उसकी काम करने की क्षमता प्रभावित हो रही है, तब ये चिंताजनक है।

तनाव का इलाज संभव है और इस पर ठीक समय पर काबू भी किया जा सकता है लेकिन तनाव को नकार देना इसका समाधान नहीं है, इससे दिक्कतें और बढ़ सकती हैं।

वैसे कुछ संस्थाए इस बात पर भी जोर दे रही हैं कि अभी इस मुद्दे पर और अध्यन की आवश्यकता है। अभी ये भी देखना जरूरी है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि स्कूल में कम उपस्थिति के चलते तनाव बच्चों को हो रहा हो।

# बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचायें

बारिश का मौसम जाते-जाते भी कई बीमारियों को बढ़ा देता है। अगस्त का अंत होते ही मौसम में बदलाव शुरु हो जाते हैं। इस मौसम में कभी बारिश और कभी तेज धूप के कारण तापमान बदलता रहता जो बच्चों के लिए बेहद नुकसानदेह होता है। इससे उन्हें खांसी, जुखाम और बुखार का खतरा बढ़ जाता है। मौसम में बदलाव के कारण संक्रमण भी तेजी से होता है।

इस से जीवाणुओं और विषाणुओं को पनपने का भरपूर मौका मिलता है। मक्खीमच्छर इसी मौसम में सब से ज्यादा पनपते हैं।इस मौसम में पाचनतंत्र भी धीमा हो जाता है, जिस से शरीर की रोग प्रतिरोधी ताकत भी कमजोर हो जाती है। शरीर की रोगाणुओं और विषाणुओं से लड़ने की ताकत कम हो जाती है और संक्रामक रोगों के होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए जरूरी है कि इस मौसम में अपने स्वास्थ्य पर तो ध्यान दे ही, परिवार के सदस्यों को भी रोगों से बचायें।

बारिश के बाद गंदा पानी संक्रामक रोगों के फैलने का बहुत बड़ा कारण है। जगहजगह गंदे पानी के जमाव की वजह से कीटपतंगों व मक्खीमच्छरों के पनपने की आशंका होती है। मच्छरों के काटने से मलेरिया तथा डेंगू फैलता है। गंदे पानी से हैजा, टायफाइड, डायरिया, हैपेटाइटिस जैसी बीमारियों के होने की आशंका बढ़ जाती है। मौसम के तापमान में अचानक गिरावट आ जाने तथा सर्द हवाओं की वजह से खांसीजुकाम, निमोनिया, टौंसिलाइटिस, त्वचा संबंधी रोग, आंखों का रोग जैसे कंजंक्टिवाइटिस के होने की भी आशंका बनी रहती है।



## समय पर कराएं इलाज

मच्छरों से मलेरिया, डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियां ज्यादा होती हैं। इन के प्रति थोड़ी सी भी लापरवाही से परिणाम घातक हो सकता है। डेंगू काफी खतरनाक रोग होता है। यह बड़ेबूढ़ों के साथ बच्चों को भी संक्रमित करता है, इसलिए इस की थोड़ी सी भी शंका हो यानी मरीज को तेज बुखार, उलटियां, कमजोरी, सिरदर्द होने लगे तो तुरंत इलाज कराएं। यदि इस मौसम में बच्चों को सर्दी, खांसी या बुखार होने लगे, तो तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए। बहुत छोटे बच्चों को मौसम बदलने की वजह से खासकर श्वसनतंत्र की बीमारियां, जैसे निमोनिया होने की प्रबल संभावना होती है। इस का भी इलाज समय से कराना जरूरी होता है।

## बेहतर है बचाव

कहते हैं इलाज से बेहतर है बचाव। इसलिए इन दिनों पर्याप्त सावधानी बरती जाये तो बीमारियों से बचा जा सकता है। खाने में नमक का प्रयोग कम से कम करें, क्योंकि इस से गैस तो बनती ही है, शरीर में पानी का जमाव भी होता है। अत्यधिक तले भोज्यपदार्थों से परहेज करें, क्योंकि इस मौसम में पाचन क्षमता कमजोर होती है। जिन में पानी की मात्रा ज्यादा होती है, जैसे करी आदि, को न लें।

# खुशी और निराशा की अवस्था में ज्यादा जंक फूड खाते हैं बच्चे



आजकल बच्चों को फास्ट और जंक फूड का शौक बढ़ता जा रहा है। इसका एक कारण तो यह है कि यह आसानी से उपलब्ध है और जल्दी बन जाता है। दूसरे इसका स्वाद जिसे बच्चे बेहद पसंद करने लगे हैं। वहीं अब एक नये अध्ययन में सामने आया है कि बच्चा खुशी और दुख की अवस्था में खाने के प्रति अलग-अलग तरीके से व्यवहार करता है। दुख की अवस्था में ना केवल जंक फूड की तरफ अधिक आकर्षित होता है बल्कि सामान्य से ज्यादा खाता भी है। दुख और अवसाद की अवस्था में लोग ज्यादा खाने लगते हैं, इसे %इमोशनल ईटिंग% कहा जाता है। इस दौरान अनहेल्दी फूड के सेवन का ज्यादा मन करता है। नए शोध में खुलासा हुआ है कि इमोशनल ईटिंग से ना केवल बड़े बल्कि बच्चे भी प्रभावित होते हैं।

स्वभाव पर चल रही एक रिसर्च ने इस बात की पुष्टि की है कि बच्चा खुशी और दुख की अवस्था में खाने के प्रति अलग-अलग तरीके से व्यवहार करता है। दुख की अवस्था में ना केवल जंक फूड की तरफ अधिक आकर्षित होता है बल्कि सामान्य से ज्यादा खाता भी है।

पहले के शोधों में सामने आया था कि जो लोग अवसाद की अवस्था से गुजर रहे हैं, वे अनहेल्दी फूड खाते हैं जिससे मोटापे का शिकार हो जाते हैं। ज्यादा खाने की वजह से उनके अवसाद में बढ़ोतरी ही होती है और स्वास्थ्य भी खराब होता है।

# किशोर होते बच्चों का इस प्रकार रखें ध्यान



किशोर होते बच्चों का ध्यान रखते समय आपको विशेष सावधानियां बरतनी चाहिये। इसका कारण है कि अब आपका बच्चा बड़ा हो रहा है और अपने तरीके से रहना चाह रहा है। ऐसे में उसे सही और गलत की पहचाना कराने की जिम्मेदारी आपके पास है पर कई बार देखा गया है कि बचपन में समझदार और सुलझा हुआ हमारा बच्चा किशोर उम्र का होते-होते इतना अजीबो-गरीब व्यवहार करने लगता है। आप कई बार सबकुछ संभालने की कोशिश करते हैं पर हालात आपके मुताबिक सुधर नहीं पाते। किशोर होते की उम्र में आपका बच्चा खुद को आजाद समझने लगता है। इस उम्र में बच्चे अपने खुद के निर्णय लेना चाहते हैं।

आपको अगर अपने बच्चे के साथ बेहतर रिश्ता बनाना है तो आपको अपने बच्चे को ठीक से समझना होगा। उनकी भावनाओं को आपको ध्यान में रखना होगा। आपका बच्चा इस उम्र में खुद पर निर्भर होना चाहता है। ऐसे में आपको भी अपने बच्चे को थोड़ा समय देना चाहिए।

## बच्चों में अचानक आए बदलाव पर ऐसे नजर रखें

- इस उम्र में अक्सर ऐसा होता है कि बच्चे आपकी कोई भी सलाह नहीं लेना चाहते। ये बुरा जरूर लगता है पर इस वक्त आपको बड़ी समझदारी दिखानी होगी। अपने बच्चे को वक्त दें जब तक वो सही रास्ते पर है। अगर आपको लगे कि आपका बच्चा किसी गलत दिशा में जा रहा है तो तुरंत उसे सामने बिठाकर बात करिए।
- इस उम्र में बच्चे अपने खाने-पीने, कपड़े, दोस्तों से लेकर सोने का समय तक स्वयं तय करना चाहते है। ऐसे समय में अपने बच्चे को कुछ बातों के निर्णय खुद लेने दे। कुछ बातों पर उन्हें प्यार से समझाएं कि फैसले लेने में आपका साथ कितना जरूरी है।
- आपका बच्चा गलत आदतों का शिकार भी हो सकता है। उसे शराब, सिगरेट जैसी गलत आदत की लत भी लग सकती है। तो ऐसे में जरूरी है कि आप उन्हें आजादी तो दे पर मर्यादा के अंदर। बाहर घूमने, देर रात घर आने जैसी बातों पर एक कड़ा नियम जरूर बनाएं। उसे अपनी जिंदगी में आजादी तो दे पर अपनी पूरी देख-रेख में।
- इस उम्र में अक्सर आपका और आपके बच्चे का विचार एक जैसा नहीं होता। तो ऐसे में जरूरी है कि आप उन्हें किसी बात के लिए गलत तरीके से जबरदस्ती न करें।ध्यान से उनकी बात सुनें और उन्हें दोनों पहलुओं पर सोचने को कहें। उन्हें समझाने की कोशिश करें कि आप क्यों सही है और वो क्यों गलत। यह बात ध्यान रखें कि ये अब छोटे बच्चे नहीं है जिन पर आप अपनी मर्जी थोप सकें। उन्हें केवल तार्किक और भावनात्मक लगाव के साथ ही आप अपनी बातें समझा सकते हैं।
- मां-बाप बच्चे के सबसे पहले टीचर होते हैं. अगर आपका बच्चा गलत भी है तो भी आप उसे गुस्से में आकर नजरअंदाज न करें। उन पर अपनी नजर हमेशा बनाएं रखे।

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी :नरवरिया

## गोहद में हुआ कार्यकर्ताओं का परिचय सम्मेलन

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**

**गोहद** विधानसभा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा भिंड जिले के अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया रहे तथा अध्यक्षता भिंड के जिला प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया जी ने की कार्यक्रम का आयोजन पुरुषोत्तम बनोरिया के नेतृत्व में आयोजित हुआ।श्री नरवरिया जी ने अपने उद्बोधन में कहा के कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है आज हम देश प्रदेश एवं अन्य प्रांतों में कार्यकर्ताओं की कठोर मेहनत की बदौलत ही सत्ता में बैठे हैं कार्यकर्ता मुझे आधी रात को आवाज लगाएंगे मैं उनके समक्ष खड़ा मिलूंगा।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री गजेंद्र चौधरी,विनोद सिकरवार,राजेंद्र सिंह गुर्जर,मुरारी लाल अग्रवाल,रामकुमार शर्मा,रूपराम तिवारी,सोना शर्मा,कालीचरण जाटव,देवेंद्र शर्मा,सौरव गुप्ता,के पी राठौर,शैलेंद्र सोनी,रामू कुशवाहा,सुल्तान मौर्य,पिंकी राजावत,सुरेश छारी,धीरेंद्र शर्मा,शशि जैन अमीर खान,रामवीर बनोरिया,मनीष बिसोरिया,चंदू गोयल रहे।कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र चौधरी ने किया तथा आभार व्यक्त विनोद चौहान सह मीडिया प्रभारी ने किया।अंत में कार्यक्रम के आयोजक पुरुषोत्तम बनोरिया का जन्मदिन भी जिला अध्यक्ष व प्रभारी ने जन्मदिन मनाया।



# मेला में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपा



**ग्वालियर।** 117 वर्ष पुराने ऐतिहासिक प्रतिष्ठित ग्वालियर व्यापार मेला इस बार अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। जगह-जगह मेला परिसर में गंदगी के ढेर है। वहीं स?कें धूल धक? से मग्न है और गडडम गडढा है। इन्हीं सभी अव्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ ने एक ज्ञापन सचिव को एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा के नाम सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि हमेशा मेला में दंगल लगाने की प्रवृति रही है। परंतु इस बार दंगल आयोजित नहीं करना गरिमा के खिलाफ है। जबकि दंगल आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। वहीं मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम कवि सम्मेलन, मुशायरा, नृत्य, भजन आदि होते रहे हैं। इसमे फिल्मी हस्तियों से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की भागीदारी होती रही है। परंतु अभी तक इसको लेकर कोई स्पष्ट बात नहीं कही गई है। वहीं पशु मेला भी नहीं लगाया गया है। इसमे किसान भाई भागीदारी करते है, लेकिन इस बार उन्हें निराशा हाथ लगी है। मेला में कोरोना काल के दौरान सब्जी मंडल लगाने से स?कें पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। इससे धूल के गुबार धंक? से मेला मग्न है। हर तरफ गंदगी के ढेर है। जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण कर ठोस कदम उठाये जायें। ज्ञापन देने वालों में महेन्द्र भदकारिया, अनिल पुनियानी, महेश मुदगल, उमेश उप्पल, कल्ली पंडित, बब्बन सेंगर, सुरेश हिरवानी, अनुज सिंह, हरिकांत समाधिया, मुकेश अग्रवाल, रामस्वरूप लल्ला शिवहरे, अरूण केन, राजेन्द्र भदौरिया, सुरेन्द्र जुनेजा, राजकुमार जैन, चंदन बैस, संतोष उपाध्याय, अनिल शर्मा, रमेश शर्मा, योगेन्द्र वर्मा, कमल सिंह जादौन, ललित अग्रवाल, गोविंद गुप्ता आदि शामिल हैं

# भाजयुमो की यंग इंडिया मैराथन 12 जनवरी को

स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पूरे देशभर में यंग इंडिया रन मैराथन का अयोजन किया जा रहा है उसी के निमित्त भाजयुमो ग्वालियर महानगर द्वारा जिले के सभी 9 मंडलों में एक साथ प्रातः 8 से 10 बजे के बीच मैराथन का आयोजन किया जा रहा है जिसमे हर मंडल के खेल प्रेमी युवा भाग ले रहे हैं मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद राशि से पुरस्कृत भी किया जाएगा भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर महानगर द्वारा विगत दिनों सभी मंडलों की बैठक आयोजित की गई थी जिसने विस्तृत योजना बनी है भाजयुमो के कार्यकर्ताओं द्वारा स्र्श्ह्ल्श्श्द्म.द्बठ्ठ पर पंजीयन किए जा रहे है पंजीयन में युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया है भाजपा महानगर के सभी वरिष्ठ नेता विभिन्न स्थानों पर मैराथन में भाग लेंगे मंडलों की

**मैराथन का रूट व समय निम्नुसार है–**

भारतीय जनता युवा मोर्चा, ग्वालियर महानगर

युवा मैराथन 12 जनवरी

हेमू कालानी मंडल

महराज बाड़ा से प्रारंभ, हेमू कालानी चौराहा, खासगी बाजार, पुनः महाराज बाड़ा, छापाखाना, माधोगंज, गोरखी, महाराज बाड़ा समापन समय- प्रातः 9 बजे

स्वामी विवेकानंद मंडल

हनुमान चौराहा से प्रारंभ, नई सड़क, गस्त का ताजिया, राम मंदिर चौराहा पर समापन

समय- प्रातः9-30 बजे

दीनदयाल मंडल

कमला राजा हॉस्पिटल, ग्र्स्न ग्राउंड, गुड़ागुड़ी नाका पर समापन

समय- प्रातः 10 बजे

कोटेश्वर मंडल

बहोड़ापुर चौराहा से प्रारंभ, आनंद नगर गेट, सागरताल चौराहा पर समापन

समय- प्रातः 9-30 बजे

लक्ष्मीबाई मंडल

पड़ाव चौराहा से प्रारंभ, लक्ष्मीबाई समाधि, फूलबाग, यू टर्न लेकर, लक्ष्मीबाई समाधि पर समापन

समय- प्रातः 9-30 बजे

वीर दुर्गादास राठौड़ मंडल

सिविल हॉस्पिटल हजीरा से प्रारंभ, हजीरा चौराहा, मनोरंजनालय, वीर दुर्गादास की प्रतिमा पर समापन

समय- प्रातः 9-30 बजे

शहीद भगत सिंह मंडल

बारादरी चौराहा से प्रारंभ (चंद्र शेखर आजाद प्रतिमा), मुरार थाना, सिविल अस्पताल मुरार, नारकोटिक्स, 7 न चौराहा शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर समापन समय प्रातः 8 बजे

सावरकर मंडल

भगवत सहाय सभागार (अहिल्याबाई प्रतिमा चौराहा) से प्रारंभ, नाका चंद्रवदनी, साइंस कॉलेज, स्वामी विवेकानंद प्रतिमा चेतकपुरी पर समापन समय प्रातः 9 बजे

रामकृष्ण मंडल

आकाशवाणी तिराहा(सीता मनोर होटल) से प्रारंभ, गांधी रोड, यूनिवर्सिटी तिराहा, थाटीपुर चौराहा पर समापन समय प्रातः 9-30 बजे

# संगीत विवि के छात्रों ने लगातार चौथी बार जीता नाटक में ओवर आल चैंपियनशिप का खिताब



इस बार सेंट्रल जोनल लेवल युवा उत्सव सतना के एकेएस विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ था। 6 से 10 जनवरी तक चले इस पांच दिवसीय उत्सव में देशभर के लगभग 33 विश्वविद्यालयों की टीमों ने 28 विधाओं में सहभागिता की। इसमें राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विवि के 43 छात्र- छात्राओं ने 14 विधाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और 42 अंक प्राप्त कर सेकंड रनरअप की ओवरआल ट्रॉफी अपने नाम की। खुशी की बात यह है कि इस सेंट्रल जोनल लेवल युवा उत्सव में नाटक विधा ने सबसे अधिक 24 अंक प्राप्त कर ओवरआल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कराया। इस जीत पर टीम को कोआर्डिनेटर डॉ. हिमांशु द्विवेदी, पुरूष दल प्रबंधक डॉ. विवेक पांडेय और महिला दल प्रबंधक डॉ. गौरीप्रिया के साथ मंच से पुरस्कृत किया गया।टीम की इस जीत पर विवि के कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर और कुलसचिव दिनेश पाठक सहित विवि परिवार ने बधाई दी।

# यातायात पुलिस ने हेलमेट जागरूकता रैली निकाली, सांसद शेजवलकर ने दिखाई झंडी

**ग्वालियर।**यातायात पुलिस ग्वालियर द्वारा 11 से 17 जनवरी तक ''स[क सुरक्षा सप्ताह'' मनाया जायेगा। ''सडक सुरक्षा सप्ताह''का शुभारंभ ''हेलमेट जागरूकता बाईक रैली'' के साथ हुआ। रैली को सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने पुलिस कन्ट्रोल रूम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व सांसद शेजवलकर का एडीजीपी ग्वालियर जोन तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस ''हेलमेट जागरूकता बाईक रैली'' का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन डी. श्रीनिवास वर्मा ने स्वयं बाईक चलाकर किया। रैली में एडीजी ग्वालियर जोन के साथ पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर-मध्य/यातायात श्रीमती मृगाखी डेका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पश्चिम गजेन्द्र वर्धमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात जयराज कुबेर, डीएसपी क्राईम/सीएसपी लश्कर शियाज के.एम., सीएसपी इंदरगंज विजय भदौरिया, एसडीओपी घाटीगांव संतोष पटेल, एसडीओपी बेहट सुश्री हिना खान, डीएसपी यातायात नरेश बाबू अन्नोटिया, विक्रम सिंह कनपुरिया, रक्षित निरीक्षक रंजीत सिंह सहित यातायात पुलिस व शहर के थानों के पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगणों ने भी भाग लिया। रैली पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर सिटी संटर, माधव नगर, चेतकपुरी, अचलेश्वर चौराहा, मेडिकल चौराहा, मांडरे की माता, कस्तूरबा चौराहा, के.आर.जी. महाविद्यालय, पदमा तिराहा, रॉक्सी पुल, स्काउट गेट, महाराज बाड़ा, गश्त का ताजिया, राम मंदिर चौराहा, ऊंट पुल, इंदरगंज चौराहा, नदी गेट तिराहा, डी.डी. मॉल, फूलबाग, पड़ाव नया ब्रिज, तानसेन तिराहा से होते हुए वापस पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर समाप्त हुई। महाराज बाड़े पर आमजन द्वारा पुष्पवर्षा कर हेलमेट जागरूकता बाईक रैली का स्वागत किया गया।



# महाविद्यालयों के निर्माण कार्यों में देरी कतई बर्दाश्त नहीं होगी: संभाग आयुक्त

**ग्वालियर ।** शासकीय महाविद्यालयों में निर्माणाधीन भवन, प्रयोगशाला व अतिरिक्त कक्षों सहित सभी निर्माण कार्य तेजी से पूरे कराएँ। निर्माण कार्यों में देरी और गुणवत्ता में कमी पाई जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह निर्देश संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने शासकीय महाविद्यालयों में विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। संभाग आयुक्त सिंह ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भी निर्देश दिए कि अपने महाविद्यालय की अकादमिक व्यवस्थाओं को इतना बेहतर बनाएँ, जिससे महाविद्यालय नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) के मापदंडों पर खरा उतरकर अच्छा ग्रेड प्राप्त करे। नैक का अच्छा ग्रेड मिलने पर महाविद्यालय के विकास के लिये अतिरिक्त आर्थिक मदद प्राप्त होती है। बुधवार को संभाग आयुक्त कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में संभाग आयुक्त सिंह ने साइंस कॉलेज, एमएलबी, केआरजी, एसएलपी, विजयाराजे सिंधिया गर्ल्स कॉलेज मुरार व डॉ. भगवत सहाय महाविद्यालय सहित अन्य उच्च शिक्षा विभाग की अन्य शिक्षण संस्थाओं में चल रहे विकास कार्यों की संस्थावार समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं निर्माण एजेंसियों के अधिकारी मौजूद थे। संभाग आयुक्त ने गृह निर्माण मंडल, पीआईयू व अन्य निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि वे अपने छात्र जीवन को याद करें और यह महसूस करें कि एक विद्यार्थी को पड़ाई में अच्छी शैक्षणिक अधोसंरचना व सुविधाओं का कितना महत्व होता है। अगर आप सब विद्यार्थियों की कठिनाईयों को महसूस कर संवेदनशीलता के साथ काम करेंगे तो निश्चित ही महाविद्यालयों के काम गुणवत्ता के साथ व समय-सीमा में पूरे होंगे।





# युवा दिवस के रूप में मनेगा स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिन

**ग्वालियर।** हर साल की तरह इस बार भी स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 12 जनवरी को ÷युवा दिवस÷ के रूप में मनाया जायेगा। इस दिन ग्वालियर जिले की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। जिला मुख्यालय पर मुख्य आयोजन 12 जनवरी को प्रात- 8.30 बजे से दीनदयालनगर स्थित शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय में आयोजित होगा। युवा दिवस पर आयोजित होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजन में जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी, विद्यार्थी एवं स्वयंसेवी व समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधिगण सहित गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

# प्रवासी भारतीयों के सुझाव पर निवेश नीति बनायेगी प्रदेश सरकारः राज्यमंत्री कुशवाह

**ग्वालियर ।** इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रहे युवा प्रवासी भारतीय सम्मेलन में समानांतर सत्र में मध्यप्रदेश के फूड बॉस्केट पर भी सार्थक चर्चा हुई है। सत्र में खाद्य प्र-संस्करण के लिए उपलब्ध उपयुक्त वातावरण एवं संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने प्रवासी भारतीयों का आह्वान किया कि वे आगे आकर प्रदेश में उपलब्ध सरप्लस उद्यानिकी फसलों के प्रोसेसिंग प्लांट लगाएँ और प्रदेश को समृद्ध करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रवासी भारतीयों के सुझाव पर निवेश नीति का निर्माण करेगी और निवेश में हर प्रकार सहायता करेगी। मंत्री कुशवाह ने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के उद्यानिकी संसाधनों का उपयोग कर प्रवासी भारतीय प्रदेश की समृद्धि में सहयोगी बनेंगे। इस सत्र में प्रदेश के उन्नत उद्यानिकी कृषक एवं व्यवसायियों द्वारा स्वयं की सफलता की कहानियों को प्रवासी भारतीयों से साझा किया। इनमें एम्बि वाइन रतलाम के श्री जितेंद्र पाटीदार, श्रीधि मिल्क कंपनी के देवेंद्र खंडेलवाल, संतरे निर्यात करने वाले साजिद मंसूर अंसारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट पी.के. जैन व फ्रोजन फूड्स के सुभाष काबरा शामिल रहे। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव जे. एन. कंसोटिया ने प्रदेश की उद्यानिकी फसलों एवं उपलब्ध संसाधनों की विस्तार से जानकारी दी।

# समाधान आपके द्वार कार्ययोजना के तहत अधिकारियों का प्रशिक्षण 15 को

**ग्वालियर ।** उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के क्षेत्राधिकार आने वाले जिलों अर्थात ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर एवं विदिशा जिले में ÷समाधान आपके द्वार÷ कार्ययोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के उद्देश्य से संबंधित विभागों के अनुविभाग स्तरीय अधिकारियों को 15 जनवरी को प्रात- 11 बजे से उच्च न्यायालय खंडपीठ परिसर स्थित ÷स्टेट ज्युडिशियल एकेडमी÷ में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के रजिस्ट्रार एवं सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति देव नारायण मिश्र ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों की सूची 12 जनवरी तक माँगी है। समाधान आपके द्वार के तहत खासतौर पर राजस्व, पुलिस, वन एवं विद्युत विभाग के अनुविभागीय स्तर के अधिकारियों को यह प्रशिक्षण दिया जायेगा।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478